राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अमर स्तम्भ

वर्ष-10 | अंक-145 | कानपुर, मंगलवार, 15 मार्च 2022 | पृष्ठ-08 | मूल्य-3.00 रुपए | web- www.amarstambh.com

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रांसफर पोस्टिंग मामले में देवेंद्र फडणवीस से पूछताछ करेगी साइबर पुलिस

**मुम्बई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में ट्रांसफर पोस्टिंग मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। मामले में आज मुंबई साइबर पुलिस देवेंद्र फडणवीस से पूछताछ करने वाली है। बता दें कि कल ही पुलिस ने फडणवीस को एक नोटिस जारी कर बुलाया था। लेकिन जानकारी के अनुसार मुंबई साइबर पुलिस आज उनके आवास पर ही बयान दर्ज करेगी। गौरतलब है कि कल फडणवीस ने कहा था कि विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें यह अधिकार है कि वह ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाले से जुड़ी जानकारी न दें। बता दें कि देवेंद्र फडणवीस ने मार्च 2021 में एक आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र में बड़े पदों पर अफसरों की तैनाती के लिए रिश्वतखोरी चल रही है। इस पर उन्होंने इंटेलिजेंस की रिपोर्ट का हवाला भी दिया था। लेकिन अब सरकारी दस्तावेज लीक होने के मामले में साइबर पुलिस ने उन्हें तलब कर लिया है। बता दें कि पूर्व सीएम ने पुलिस विभाग में हो रहे तबादलों में रिश्वतखोरी का आरोप लगाया था। इसमें फडणवीस ने रश्मि शुक्ला की ओर से तत्कालीन डीजीपी को लिखे पत्र का हवाला भी दिया था। गौरतलब है कि उस पत्र में कथित तौर पर फोन टैपिंग का ब्योरा था। इस मामले के बाद रश्मि शुक्ला पर बिना अनुमति सरकार के नेताओं की फोन टैपिंग का आरोप भी लगा था। इसी पत्र के बाद ही फडणनवीस और रश्मि शुक्ला पर सवाल उठे थे जिसमें अब पूर्व सीएम को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### दिल्ली में कार को टक्कर मारने के मामले में पेटीएम फाउंडर को मिली जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेटीएम के संस्थापक और सीईओ विजय शेखर शर्मा जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने उन्हें फरवरी में गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने कार से डीसीपी साउथ के वाहन में टक्कर मारी थी। उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में विजय शेखर शर्मा को आईपीसी की धारा 279 (तेज व लापरवाही से गाड़ी चलाने) के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, पेटीएम के फाउंडर पर आरोप है कि उन्होंने दक्षिण दिल्ली की डीसीपी बेनिता मैरी जैकर की गाड़ी में कार से टक्कर मार दी थी। डीसीपी के ड्राइवर ने विजय शेखर शर्मा के खिलाफ थाने में एफआइआर दर्ज कराई थी। जानकारी के मुताबिक अरविंदो मार्ग पर द मदर्स इंटरनेशनल स्कूल के बाहर डीसीपी के वाहन को एक जैगवार लैंड रोवर ने टक्कर मारी थी, जो पेटीएम के संस्थापक की थी। वहीं, अन्य मामले में दिल्ली में पेटीएम चलाने वाली वन-97 कम्युनिकेशन कंपनी ने याचिका दायर कर मोबाइल नेटवर्क के जरिये साइबर अपराध करने वालों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी। याचिका के अनुसार कई लोग किसी कंपनी का प्रतिनिधि बताकर लोगों को फोन, ईमेल या फिर अन्य माध्यमों से बैंक अकाउंट, पासवर्ड या क्रेडिट कार्ड की जानकारी लेकर धोखाधड़ी करते हैं। याचिका के अनुसार पेटीएम को इससे सौ करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है और उसकी प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंच रही है। याचिका के अनुसार इसे लेकर नियम-कानून भी है, लेकिन इसके बावजूद अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। याचिका में कंपनी को 100 करोड़ का मुआवजा दिलवाने की भी मांग की गई थी।

### दिल्ली में सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर रोक लगाने में दुकानदार करें सहयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के सदस्य गिरीश सचदेवा ने बाजार संगठनों का आह्वान करते हुए कहा कि वे एनडीएमसी क्षेत्र को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने में योगदान दें। वे इसका न सिर्फ इस्तेमाल बंद करें, बल्कि इसके लिए ग्राहकों और आम लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एनडीएमसी ने क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त करने का लक्ष्य लिया है। इस दिशा में क्रमवार तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। वह सरोजनी नगर स्थित रिंग रोड बाजार के दुकानदारों से संवाद कर रहे थे। इसके पहले उन्होंने बाजार का निरीक्षण भी किया और दुकानदारों से उनकी समस्याओं संबंधित जानकारी ली। उनके साथ सिविल, स्वास्थ्य व विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। दुकानदारों ने एनडीएमसी सदस्य को बाजार की स्थानीय समस्याओं से अवगत करवाया, जिसपर उन्होंने उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओ के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वह मार्केट एसोसिएशन की ओर से आयोजित होली मंगल मिलन कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

## अगले साल तैयार होगा फेज चार का पहला मेट्रो कारिडोर, कोरोना महामारी के चलते महज 20 प्रतिशत काम पूरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली फेज चार के मजलिस पार्क-मौजपुर कारिडोर का निर्माण शुरू हुए करीब दो साल हो गए, लेकिन कोरोना महामारी के दौरान निर्माण कार्य प्रभावित होने के कारण अब तक 20-22 प्रतिशत ही काम हो पाया है। ऐसे में इस कारिडोर का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा नहीं हो पाएगा। हालांकि, दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का कहना है कि अगले साल के अंत तक यह कारिडोर बनकर तैयार हो जाएगा।

यह फेज चार में बनकर तैयार होने वाला पहला मेट्रो कारिडोर होगा। इसका निर्माण पूरा होने पर पिंक लाइन मेट्रो का पहला रिंग कारिडोर बन जाएगी। पिंक लाइन की कुल लंबाई करीब 70 किलोमीटर हो जाएगी। मौजूदा समय में पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से शिव विहार के बीच 58.43 किलोमीटर लंबे नेटवर्क पर चालक रहित मेट्रो का परिचालन हो रहा है। यह पिंक लाइन आनंद विहार, निजामुद्दीन मेट्रो स्टेशन, लाजपत नगर, साउथ एक्सटेंशन व सरोजनी नगर मार्केट को एक मेट्रो कारिडोर से जोड़ती है।

फेज चार में इस पिंक लाइन का विस्तार किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मजलिस पार्क से मौजपुर के बीच 12.58 किलोमीटर लंबे मेट्रो कारिडोर का निर्माण कार्य वर्ष 2020 की शुरुआत में ही शुरू हुआ था। जून 2023 में इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन निर्धारित समय पर यह कारिडोर पूरा नहीं हो पाएगा।डीएमआरसी का कहना है कि कोरोना और कुछ तकनीकी कारणों से कार्य थोड़ा प्रभावित हुआ है। हालांकि, फेज चार में तीन कारिडोर निर्माणाधीन हैं। इसमें सबसे अधिक तेज काम अभी मजलिस पार्क-मौजपुर कारिडोर पर ही चल रहा है। इस कारिडोर के लिए यमुना पर मेट्रो का पांचवां पुल बनाया जा रहा है। तकनीकी रूप से पुल तैयार करना बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके अलावा यमुना के आसपास इस कारिडोर के रास्ते में वन विभाग की जमीन आ रही है। जहां निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने में चुनौती आ रही है।

**कारिडोर पर बन रहा मेट्रो का पांचवां पुल:** इस कारिडोर पर सूरघाट से सोनिया विहार के बीच मेट्रो का पांचवां पुल बनाया जा रहा है। इसकी लंबाई 560 मीटर होगी। इसके अलावा इस कारिडोर पर सूरघाट के नजदीक फ्लाईओवर व मेट्रो लाइन संयुक्त ढांचा तैयार किया जा रहा है। इसलिए फ्लाईओवर पर वाहन व मेट्रो कारिडोर पर मेट्रो एक-दूसरे के समानांतर रफ्तार भरती नजर आएंगी। इस कारिडोर पर आठ नए स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें बुराड़ी, झड़ौदा माजरा, जगतपुर, सूरघाट, सोनिया विहार, खजूरी खास, भजनपुरा व यमुना विहार होंगे।

## ग्रेटर कैलाश एम ब्लाक मार्केट की पार्किंग निर्माण के चलते बंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर कैलाश-1 की एम-ब्लाक मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण शुरू हो गया है। इस कारण इसे बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया है। इससे यहां आने वाले ग्राहकों के साथ ही आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। दरअसल, निर्माण कार्य के लिए पार्किंग को बंद कर देने के कारण अब यहां आने वाले लोग अपने वाहन यहां घरों के सामने व सड़क पर ही खड़े कर रहे हैं। इससे यहां पर जाम की समस्या पैदा हो गई है। ग्रेटर कैलाश-1 की एम-ब्लाक मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र शारदा ने बताया कि मार्केट में करीब 350 वाहनों की पार्किंग की जरूरत है। मल्टीलेवल पार्किंग बनने में अभी करीब डेढ़ साल का समय लगेगा। तब तक के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। दो नंबर पार्किंग में जहां पर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण चल रहा है। वहां करीब 100 गाड़ियां खड़ी हो जाती थीं। इन गाड़ियों को अब एक नंबर पार्किंग में एडजस्ट किया जा रहा है। वहीं, मार्केट के दुकानदारों, यातायात पुलिस व निगम के कर्मचारियों के साथ बैठक कर पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए कदम उठाए गए हैं। मार्केट के दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे कम से कम गाड़ियां लाएं, ताकि ग्राहकों के लिए जगह बची रहे। इस पर ज्यादातर दुकानदार मान गए हैं। आसपास रहने वाले दुकानदार मार्केट आकर अपनी गाड़ियां घर वापस भेज देते हैं। वहीं, जिन दुकानों के स्टाफ व मालिक एक से अधिक गाड़ियां लाते थे, उन्होंने भी कटौती की है। इस तरह से अब पहले से करीब 70 गाड़ियां कम आ रही हैं। इनकी जगह अब ग्राहकों की करीब 150 गाड़ियां पार्क हो जाती हैं, क्योंकि ग्राहक कुछ ही देर के लिए मार्केट आते हैं। राजेंद्र शारदा ने बताया कि यहां पर ट्रैफिक संभालने में यातायात पुलिस का सहयोग करने के लिए मार्केट के चार गार्ड भी लगाए गए हैं। अभी कुछ दिन थोड़ी समस्या रहेगी। कुछ दिनों में लोग इस व्यवस्था से अभ्यस्त हो जाएंगे।

## लाखों लोगों को भारी पड़ेगी ये ग़लती, बिना चालान भरे सड़क पर ना उतारें अपने वाहन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में रहते हैं तो और आपने वाहनों का बकाया ट्रैफिक चालान नहीं भरा है तो सतर्क हो जाइये, क्योंकि दिल्ली यातायात पुलिस अब सख्त कार्रवाई के मूड में है। दरअसल, बकाया ट्रैफिक चालान का भुगतान नहीं करने वालों कार्रवाई की कड़ी में अब वाहन चालान को वाहन के बीमा से जोड़ा जाएगा। जाहिर है इसके बाद वाहनों का बीमा नवीनीकरण होना नामुमकिन होगा। इसके अभाव में सड़क पर गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर 2000 रुपये का चालान करने का नियम है। यह नियम पूरे देशभर में लागू है। वाहन मालिक ने चालान जमा नहीं कराया गया है तो उसके वाहन का नया बीमा नहीं होगा। ऐसे में वाहन मालिकों को किसी तरह की दुर्घटना होने पर बड़ी परेशानी होगी। मिली जानकारी के मुताबिक, इस संबंध में एक प्रस्ताव दिल्ली में सत्तासीन आम आदमी पार्टी सरकार को भेज गया है। इस प्रस्ताव की मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद बिना बीमा के सड़क पर गाड़ी/निजी वाहन उतारने वालों का 2000 रुपये का चालान किया जाएगा। इसके साथ ही में वाहनों का चालान नहीं भरने वालों के खिलाफ दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय पास भी इस बाबत प्रस्ताव भेजा है। इसके बाद दिल्ली सरकार के पास मोटर वाहन नियम में संशोधन के लिए प्रस्ताव आगे बढ़ाया दिया गया है। इस प्रस्ताव में ऐसे व्यावसायिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य संबंधी सर्टिफिकेट देने पर भी रोक लगाने की मांग की गई है, जिनका प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं बना है और चालान नहीं भरे हैं। दिल्ली यातायात पुलिस के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालान बड़ी संख्या में हुए है। इनमें तेज रफ्तार के मामले सबसे ज्यादा है। ऐसे चालान महीनों से लंबित हैं। वाहन मालिक चालान भरने में रुचि नहीं ले रहे हैं, क्योंकि उन्हें किसी बड़ी कार्रवाई का डर भी नहीं है। बताया जा रहा है कि पिछले साल के आंकड़ों के मुताबिक, कुल काटे गए।

## दिल्ली-एनसीआर में 16 मार्च से तापमान में होगी बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली एनसीआर में मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। धीरे-धीरे गर्मी में बढ़ोत्तरी होने लगी है और बढ़ते तापमान को लेकर लोग दिन और रात में पंखे चलाने लगे हैं। मौसम विभाग की माने तो मार्च के आखिरी दिनों में मौसम पूरी तरह से गर्मी में तब्दील हो जाएगा। हालांकि लोगों का कहना है कि धूप खिलने पर पूरी तरह से गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अब मौसम का तापमान बढ़ेगा और अगले सप्ताह 16 मार्च को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। हालांकि रविवार को मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होगा। रोजाना की तरह लोगों को दिन में गर्मी का अहसास होगा। वहीं, शनिवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह इस सीजन में अब तक सबसे अधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो

सामान्य है। नजफगढ़ में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 32.5 डिग्री सेल्सियस व पीतमपुरा में 32.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पीतमपुरा में न्यूनतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस व नजफगढ़ में 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिल्ली में नौ मार्च को 31.1 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आकाश साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। दिल्ली एनसीआर में मध्यम श्रेणी में रही हवा की गुणवत्तादिल्ली एनसीआर में शनिवार को हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार दिल्ली का एयर इंडेक्स 160 रहा, जो मध्यम श्रेणी में है। एक दिन पहले दिल्ली का एयर इंडेक्स 164 था। एनसीआर के शहरों में फरीदाबाद का एयर इंडेक्स 166, गाजियाबाद का 182, ग्रेटर नोएडा का 154, गुरुग्राम का 122 और नोएडा का 137 दर्ज किया गया। सफर इंडिया का कहना है कि तीन दिन तक हवा की गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में ही बनी रहेगी।

## यूक्रेन में रूस के रुख पर बोलीं कमला हैरिस- सिर्फ यूक्रेन के लिए नहीं, बल्कि यह पूरे यूरोप की सुरक्षा के लिए खतरा है

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने यूक्रेन में रूस के रुख को सभी यूरोपीय देशों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। उन्होंने अमेरिका और उसके नाटो एवं यूरोपीय सहयोगियों के बीच एकता पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत इसकी एकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका नाटो गठबंधन के बचाव में यूक्रेन के लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है।

सीएनएन के मुताबिक, वाशिंगटन में डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी की शीतकालीन बैठक में बोलते हुए कमला हैरिस ने कहा, रूस के आक्रमण से न केवल यूक्रेन के लोकतंत्र को खतरा है, बल्कि यह पूरे यूरोप में लोकतंत्र और सुरक्षा के लिए खतरा है। पोलैंड और रोमानिया की अपनी हालिया यात्रा के बारे में बताते हुए, हैरिस ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गठबंधन की सबसे बड़ी ताकत इसकी एकता है। हैरिस ने आगे कहा, अमेरिका नाटो गठबंधन के बचाव में यूक्रेन की जनता के साथ मजबूती से खड़ा है। 10 मार्च को, अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यूक्रेन में प्रभावित नागरिकों का समर्थन करने के लिए नई मानवीय सहायता में लगभग 53 मिलियन अमरीकी डालर की घोषणा की थी। व्हाइट हाउस के एक बयान के अनुसार, इस अतिरिक्त सहायता में संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के तहत आक्रमण से प्रभावित सैकड़ों हजारों लोगों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए जीवन रक्षक आपातकालीन खाद्य सहायता प्रदान करना शामिल है, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जो अपने घरों से विस्थापित हुए हैं और यूक्रेन की सीमा पार कर दूसरे देशों में जा रहे हैं। इसके अलावा, यह कीव सहित यूक्रेन के विभिन्न हिस्सों में डब्ल्यूएफपी द्वारा जारी सहायता कार्यों का भी समर्थन करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि मैंने यूक्रेन को अतिरिक्त हथियारों और उपकरणों के लिए 200 मिलियन डालर तक की निकासी को अधिकृत किया है। इसके साथ ही यूक्रेन को प्रदान की गई कुल अमेरिकी सहायता 1.2 बिलियन डालर से अधिक हो जाएगी।

## कांगो में पटरी से उतरी मालगाड़ी, कम से कम 60 लोगों की गई जान

**किंशासा, एजेंसी।** अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक आफ कांगो में एक मालगाड़ी के पटरी से उतरने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में कई लोगों के जख्मी होने की भी खबर है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि यह हादसा लुआलाबा प्रांत के लुबुडी इलाके में हुआ है। लुबुडी के प्रशासक क्लेमेंटाइन मुतांडा ने कहा कि डीआरसी के दक्षिणपूर्वी लुआलाबा प्रांत के लुबुडी जिले में गुरुवार देर रात दस वैगनों की मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिसमें कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि ट्रेन ने नियंत्रण खो दिया था और जिस वजह से वह ढलान पर चढ़ते हुए एक खड्डे में गिर गई। मलबे में फंसे शवों को निकालने के लिए बचावकर्मी अभी भी काम कर रहे हैं।

## रूस के भ्रम में अपने ही कारोबार को नुकसान पहुंचा रहे अमेरिकी

**न्यूयार्क, एजेंसी।**
रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का आज 18वां दिन है, दोनों देशों के बीच जंग दिन-ब-दिन और खतरनाक होती जा रही है। यूक्रेन पर हमले के विरोध में रूस के खिलाफ यूरोपीय व अन्य देशों के साथ अमेरिका ने भी कई प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका में रूस, खासकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जुड़े लोगों की कंपनियों के उत्पादों का बड़े पैमाने पर बहिष्कार हो रहा है। परंतु, समस्या यह है कि अमेरिका में रूस निर्मित वस्तुओं का इस्तेमाल ही बहुत कम होता है। तेल का भी बहिष्कार किया जा रहा है। अगर तेल की बात करें तो अमेरिका में रूसी तेल की खपत मात्र तीन फीसद है। इसी तरह राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूसी वोदका के आयात पर पाबंदी लगा दी है। सच्चाई यह है कि अमेरिका में रूसी निर्मित वोदका की खपत मात्र एक फीसद है। बाकी वोदका का रूस से कुछ लेना देना नहीं है। अमेरिका के कुछ प्रांतों ने रूसी स्पिरिट पर रोक की नीति बनाई है, लेकिन इसका असर सिर्फ दो ब्रांडों पर ही पड़ा है, जिनकी खपत भी बहुत कम है। इसी तरह स्टोलिचनय के बहिष्कार का आनलाइन अभियान चलाया जा रहा है, जबकि 2002 से ही इसका उत्पादन लातविया में हो रहा है।

## रूस के खिलाफ युद्ध में उतरे भारतीय छात्रों के टीचर, नागरिकों को दे रहे हैं ट्रेनिंग

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन में रूसी अटैक के बाद भारत ने ऑपरेशन गंगा के तहत अपने लगभग सभी नागरिकों को वहां से बाहर निकाल लिया है। इन नागरिकों में ज्यादातर छात्र थे जो यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई के वास्ते गए थे। अब जब छात्र वहां से चले आए हैं तो ऐसे में उनके टीचर युद्ध में कूद पड़े हैं। लगभग दो हफ्ते पहले तक, नतालिया कल्यानियुक पश्चिमी यूक्रेन में टेरनोपिल मेडिकल नेशनल यूनिवर्सिटी में फोरेंसिक मेडिकल एंड मेडिसन लॉ पर क्लासेस लेती थीं। लेकिन अब, 37 वर्षीय एसोसिएट प्रोफेसर यूक्रेनी सेना के लिए कैमोफ्लॉग नेट बुनती हैं और युद्ध क्षेत्र में नागरिकों और सैनिकों के लिए चिकित्सा आपूर्ति और भोजन की व्यवस्था करने में मदद करती हैं। वह पूछती हैं, हम अपने घर को तबाह होते हुए कैसे देख सकते हैं और कुछ करें भी न इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, रूसी आक्रमण के कारण हजारों भारतीय छात्रों की वतन वापसी हो चुकी है, ऐसे में यूक्रेन में उनके शिक्षक, युद्ध के प्रयास में डूब गए हैं। वे अपेक्षाकृत कम प्रभावित पश्चिमी शहरों जैसे टेरनोपिल और लवीव रहते हैं। वे युद्ध क्षेत्रों में दवाओं की व्यवस्था और सप्लाई करते हैं, सैनिकों और नागरिकों के लिए खाना बनाते हैं, और नागरिकों के लिए मुफ्त ऑनलाइन और ऑफलाइन चिकित्सा सहायता कक्षाएं आयोजित करते हैं। कुछ ने तो

सेना के लिए भी साइन कर लिया है। कल्यानियुक आर्मी ज्वाइन करने वाले ग्रुप से हैं, जो अपने वकील पति बोडगन कल्यानियुक के साथ अपनी मिलिट्री यूनिट को हर दिन रिपोर्ट करते हैं। वे टैंक-रोधी मिसाइलों को फायर करना सीख रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, वे कहती हैं, मैंने अपनी मर्जी से ज्वाइन किया है। मैं अपने 10 और 5 साल के बच्चों को अपनी मां के साथ घर छोड़ देती हूं और अंदर जाती हूं। वह कहती हैं कि - भारतीय छात्रों सहित कई लोग उनसे व्हाट्सऐप पर उनकी खैरियत के बारे में पूछते रहते हैं। कल्यानियुक ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया, मेरे काम में युद्ध क्षेत्रों में बंकरों में रहने वाले सैनिकों और नागरिकों की जरूरतों के अनुसार चिकित्सा आपूर्ति, भोजन, कैमोफ्लॉग नेट आदि जैसे मटेरियल की व्यवस्थित करना और उसे डिलीवर करना शामिल है। कई महिलाएं यूक्रेन छोड़कर पड़ोसी देशों में चली गईं। मैं अपने पति, या अपने दोस्तों और सहकर्मियों को नहीं छोड़ सकती जो हमारी जमीन की रक्षा करते हैं।

यूक्रेन में मार्शल लॉ लागू होने के साथ, अधिकांश विश्वविद्यालयों ने छात्रों के लिए छुट्टियों की घोषणा कर दी है - कक्षाएं फिर से शुरू होने पर अनिश्चितता है। इस बीच उन्होंने खुद को सेना के सपोर्ट सेंटर में तब्दील कर लिया है। सैन्य सहायता प्रदान करने के अलावा, चिकित्सा संकाय घायल सैनिकों और नागरिकों के इलाज के लिए सैन्य अस्पतालों और शिविरों में भी काम करता है। वह कहती हैं, मेरे पूर्व इराकी छात्रों ने मुझसे संपर्क किया और कहा कि उन्होंने 11,000 डॉलर इकट्ठे किए हैं। मैंने उन्हें चिकित्सा आपूर्ति की एक सूची भेजी, और वे उन्हें तुर्की के रास्ते भेज देंगे। पोलैंड और भारत के हमारे छात्र भी हमारी बहुत मदद कर रहे हैं। हमारे एक भारतीय छात्र ने हारमोनियम पर यूक्रेन का गान बजाया और हमें एक वीडियो भेजा, जिसे हमने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया। कुछ तो अपने देश नहीं लौटना चाहते थे।

# संपादकीय

## आतंक का जाल

जम्मू कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ अभियान जारी है, फिर भी आतंकी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। ( प्रतीकात्मक फोटो )

**कश्मीर में आतंकवादियों ने एक बार फिर राजनीति से जुड़े लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। दस दिन के भीतर दो सरपंचों और एक पंचायत प्रतिनिधि की हत्या चिंता का विषय है। इन घटनाओं ने एक बार फिर घाटी के लोगों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अनुच्छेद 370 को निष्क्रिय कर देने बाद से केंद्र सरकार यह दावा करती रही है कि घाटी में अब आतंकी घटनाएं थम चुकी हैं, घाटी पूरी तरह सुरक्षित है और हालात सामान्य हैं। लेकिन आए दिन होने वाले आतंकी हमलों को देखते हुए क्या कोई यह कहेगा कि सब कुछ सामान्य है? हकीकत तो यह है कि आतंकी संगठन पहले की तरह ही अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर घाटी में सुरक्षा है कहां और कौन सुरक्षित है! भले सेना और स्थानीय पुलिस आए दिन आतंकियों और उनके कमांडरों को ढेर कर रही हो, लेकिन सवाल है कि जब अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कड़ी चौकसी है और सीमापार से घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के दावे होते रहे हैं, तो फिर ये आतंकी आ कहां से रहे हैं गौरतलब है कि पिछले हफ्ते पुलवामा और कुपवाड़ा में हुई मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकवादी मारे गए। इनके साथ एक और जो शख्स मारा गया, उसकी पहचान एक पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। इससे यह तो साफ है कि घाटी में घुसपैठ अभी भी हो रही है। कड़ी सुरक्षा के बाद भी सीमापार से आतंकी घाटी में घुस रहे हैं, भले इनकी संख्या पहले के मुकाबले काफी कम हो। आतंकियों के सफाए के लिए घाटी में लंबे समय से सेना और सुरक्षाबलों का अभियान भी चल ही रहा है। शायद ही कोई दिन गुजरता हो जब घाटी से आतंकियों के साथ मुठभेड़ की खबरें न आती हों। लेकिन आतंकी हमलों का सिलसिला थम नहीं रहा। चौंकाने वाली बात तो यह है कि कुछ दिन पहले लापता युवक जब मुठभेड़ में मारा जाता है तो पहचान के बाद पता चलता है कि वह आतंकी संगठनों के साथ जुड़ गया था। जाहिर है, आतंकी संगठन अभी भी नौजवानों को अपने साथ शामिल कर रहे हैं। आतंकी संगठनों ने नए-नए नामों से संगठन बना लिए हैं और इनका जाल गांव-गांव तक फैले होने की बातें भी सामने आती ही रही हैं। वारदातों को अंजाम देने के बाद आतंकी जंगलों में भाग जाते हैं, जहां उन्हें खोज पाना सुरक्षाबलों के लिए आसान नहीं होता। यानी सेना और सुरक्षा बलों के सबसे बड़ी चुनौती अब स्थानीय स्तर पर आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की है। कश्मीर घाटी में पिछले दो सालों में कई बड़े आतंकी हमले हुए हैं। दूसरे राज्यों से आने वालों पर भी आतंकी हमले हुए। सुरक्षाबलों और नागरिकों को निशाना बनाया जाना तो आम है। राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को निशाना बनाने के पीछे मकसद कोई छिपा नहीं है। पाकिस्तान के इशारे पर वहां अशांति फैलाई ही इसलिए जा रही है, ताकि न कोई राजनीति गतिविधि हो, न ही विकास संबंधी दूसरे काम। लोग खौफ में होंगे तो उनमें गुस्सा भी पनपेगा और माहौल बिगड़ेगा। कहने को सरकार ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को सुरक्षा दी हुई है, पर इससे हमले कहां रुकने वाले हैं? सवाल तो इस बात का है कि नौजवानों को आतंकियों के जाल में जाने से बचाया कैसे जाए? उन्हें मुख्यधारा में कैसे लाया जाए? सरकार और सुरक्षाबलों के लिए यह दोहरी चुनौती है। जब तक विकास और रोजगार नहीं होगा तो नौजवानों को आतंकी बनने से कैसे बचा पाएंगे?**

# उत्तर प्रदेश की नई विधानसभा का स्वरूप

उत्तर प्रदेश का विधानसभा चुनाव सम्पन्न हो गया है। उसके नतीजे भी आ गए हैं। यहाँ की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास व्यक्त किया है। एक दो दिन में सरकार का गठन भी हो जाएगा। प्रमुख विपक्षी राजनीतिक दल समाजवादी पार्टी द्वारा अपनी हार की समीक्षा का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। संगठन भंग कर फिर से नए और जमीनी लोगों को ज़िम्मेदारी देने की कवायद भी चल रही है। इन सबको समाहित करते हुए आज के लेख में कुछ इतर बिन्दुओं पर चर्चा करना है। एडीआर की जो रिपोर्ट आई है। उसका अध्ययन करने के बाद ऐसा लगा कि सभी राजनीतिक दल राजनीति के स्वच्छीकरण की बात तो करते हैं। लेकिन जब चुनाव आता है, तो फिर अपराधियों को ही टिकट दे देते हैं। इससे एक बात तो साबित हो गई है कि आज भी राजनीतिक दलों को विश्वास है कि अपराधी ही उन्हें चुनाव जिता सकते हैं। जितने अपराधी हैं, उनके पास गैर कानूनी तरीके से कमाई गई अवैध संपत्ति भी है। जिसे वे चुनाव प्रचार में दिल खोल कर खर्च करते हैं। अगर कहीं जरूरत पड़ती है, तो वोट खरीद लेते हैं और कहीं जरूरत पड़ती है, तो डराने धमकाने का भी काम करते हैं। प्राय- इसकी नौबत नही आती है। क्योंकि भोग की तरफ बढ़ते समाज में धन का महत्त्व इतना बढ़ गया है कि उसी से उनका काम चल जाता है। अपनी कोरोना पर्यावरण जागरूकता अभियान शहीद सम्मान सायकिल यात्रा के दौरान मैंने दारू और पैसे बांटने की कई घटनाएँ सुनी और देखी। इस पहलू पर विचार करने के पूर्व आइये एडीआर की रिपोर्ट पर एक नजर डाल लेते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में निर्वाचित 403 विधायकों में से 205 विधायकों ने अपने ऊपर दर्ज आपराधिक मामलों का जिक्र किया है। 2017 में हुए चुनाव में ऐसे विधायकों की संख्या 143 थी। इस बार विधानसभा में हत्या के आरोपी और हत्या के प्रयास के भी आरोपी जीते हैं। 6 विधायकों पर महिला अत्याचार और एक पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है। भारतीय जनता पार्टी के 255 में से 111 विधायकों पर और समाजवादी पार्टी के 111 में से 71 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। अपना दल एस के 12 में से 3, रालोद के 8 में से 7, सुभासमाजवादी पार्टी व निषाद पार्टी के 6 में से 4-4, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के 2 व कांग्रेस के दोनों विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक मात्र विधायक पर भी केस दर्ज है। जिन पांच विधायकों पर हत्या का केस दर्ज है, उसमें समाजवादी पार्टी के गुन्नौर से विधायक राम खिलाड़ी, गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह और चायल से विधायक पूजा पाल, भारतीय जनता पार्टी के गोला गोकर्णनाथ से विधायक अरविंद गिरी और बालामऊ से विधायक रामपाल वर्मा शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर सोनभद्र की दुद्धी से चुनाव जीते रामदुलार पर दुष्कर्म का मामला दर्ज है। पूर्वाञ्चल में एक बात और देखने को मिली, इस बार मतदाताओं ने कई बहुबलियों को भी नकार दिया। ज्ञानपुर से चार बार विधायक रहे जेल में बंद विजय मिश्र तीसरे नंबर पर खिसक गए। जौनपुर की मल्हनी से मैदान में उतरे पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी समाजवादी पार्टी के लकी यादव से पिछड़ गए। एडीआर की इस रिपोर्ट का जब मैं विश्लेषण करता हूँ, तो पाता हूँ, जघन्य से जघन्य अपराध करने के बाद भी जनता उन्हें अपना प्रतिनिधि कैसे चुन लेती हैं। उनका निर्वाचन इस बात की ओर भी इशारा करता है कि आरोपी हैं, लेकिन उनके जीवन का एक दूसरा पहलू भी है कि अपराधी के साथ साथ सामाजिक भी हैं। जब कोई पीड़ित व्यक्ति उनके पास जाता है, तो उसका वे अपने बाहुबल या अपने प्रयास से उसकी मदद कर देते हैं। इसके अलावा कुबेरपति विधायकों पर भी एक नजर डाल लेते हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए चुन कर आए हर 10 विधायकों में से 9 करोड़पति हैं। पिछली विधानसभा में 10 में से 8 विधायक करोड़पति थे। यानी इस बार 403 में से 366 विधायक करोड़पति हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 255 में से 233, समाजवादी पार्टी के 111 में से 100 विधायक, अपना दल के 12 में से 9 और रालोद के 8 में से 7 विधायक करोड़पति हैं। बाकी दलों के सभी विधायक करोड़पति हैं। समाजवादी पार्टी से चित्रकूट से जीते अनिल कुमार अनिल प्रधान की संपत्ति सबसे कम है। अनिल ने अपनी कुल संपत्ति 36496 रुपये की घोषित की है। गोरखपुर की चौरी चौरा सीट से विधायक संजय निषाद के बेटे सरवन कुमार निषाद ने अपनी कुल संपत्ति 72996 रुपये बताई है। टॉप फाइव करोड़पति उम्मीदवारों में मेरठ कैंट से भारतीय जनता पार्टी विधायक अमित अग्रवाल की कुल संपत्ति 148 करोड़ से अधिक है। मुरादाबाद ग्रामीण सीट से समाजवादी पार्टी से जीते मो. नासिर की संपत्ति 60 करोड़ है। अंबेडकरनगर की जलालपुर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी से चुने गए राकेश पांडेय की संपत्ति 59 करोड़ है। आगरा की बाह सीट से भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर विधायक बनी रानी पक्षालिका सिंह की संपत्ति 58 करोड़ और अमेठी के तिलोई से विधायक बने भारतीय जनता पार्टी के मयंकेश्वर सिंह की संपत्ति 58 करोड़ से अधिक है। लेकिन इस एडीआर की रिपोर्ट का जब मैंने अध्ययन किया, तो एक और तथ्य सामने आया, जो सकारात्मक है। इस बार उत्तर प्रदेश में जो विधायक चुन कर आए हैं। उनमें से कई उच्च शिक्षित है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इस बार जीते विधायकों में 305 डिग्रीधारी और तीन डिप्लोमाधारी हैं। 87 ने अपनी शैक्षिक योग्यता आठवीं से इंटर के बीच बताई है। 7 विधायकों ने खुद को केवल साक्षर घोषित किया है और एक विधायक ने अपनी शैक्षिक योग्यता बताई ही नहीं है। इस बार की विधानसभा में महिलाओं की भी भागीदारी बढ़ी है। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार इस बार महिला विधायकों की संख्या पिछली बार की तुलना में 7 अधिक है। इस बार 47 महिलाएं विधायक बनी हैं। पिछली विधानसभा में 40 महिलाएं जीती थीं। युवा विधायकों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। लेकिन अभी भी तमाम अनुभवी नेताओं को जनता ने चुना है। नई विधानसभा में 25 से 50 वर्ष उम्र के विधायकों की संख्या 169 है। जबकि 51 से 80 वर्ष की आयु के विधायकों की संख्या 232 है। दो उम्मीदवार ऐसे भी हैं जिनकी उम्र 80 साल से अधिक है। आगरा कैंट से भारतीय जनता पार्टी विधायक जीएस धर्मेश ने आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया है तो बरेली से दो डॉक्टर विधानसभा पहुंचे हैं। बरेली से डा. अरुण कुमार ने लखनऊ से एमबीबीएस किया है और तीसरी बार विधानसभा पहुंचे हैं। नवाबगंज से डॉ. एमपी आर्य भी विधायक बने हैं। बीकापुर से विधायक अमित सिंह ने लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज से मेडिकल की पढ़ाई की है। वहीं मोदी नगर से डा मंजू सिवाच स्त्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। बांसगांव से विधायक डॉ. विमलेश पासवान ने एमडीएस किया है और दांतों के डॉक्टर हैं। तमकुहीराज से भारतीय जनता पार्टी विधायक डॉ. असीम कुमार व सगड़ी से समाजवादी पार्टी विधायक हृदय नारायण सिंह पटेल भी सर्जन हैं। मछली शहर से समाजवादी पार्टी विधायक डॉ. रागिनी नेत्र रोग विशेषज्ञ, बिथरी से राघवेन्द्र शर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ, मड़ियाहूं सीट से अपना दल के डॉ आर के पटेल सर्जन हैं तो मीरगंज से डीसी वर्मा पशु रोग विशेषज्ञ हैं। विदेशी डिग्रियों से लैस विधायकों की तो कैराना से समाजवादी पार्टी विधायक नाहिद हसन ऑस्ट्रेलिया के होलमॉस इंस्टीट्यूट से बीबीए करके राजनीति में आए हैं तो मेरठ कैंट से भारतीय जनता पार्टी विधायक अमित अग्रवाल ने उन्होंनेअमेरिका की जार्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी से एमबीए की डिग्री ली है तो रायबरेली से प्रत्याशी अदिति सिंह ने यूएस की ड्यूक यूनिवर्सिटी से परास्नातक किया है। अतरौली से विधायक संदीप सिंह ने भी यूके की लीड्स बेकेट यूनिवर्सिटी से पब्लिक रिलेशन एंड स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन में परास्नातक किया है। इलाहाबाद उत्तरी से भारतीय जनता पार्टी विधायक हर्षवर्धन बाजपेई ने शेफील्ड यूनवसिटी से बीटेक कर रखा है। इंजीनियरिंग की डिग्री लेने वाले भी विधायक बने हैं। स्वार में अब्दुल्ला आजम ने गलगोटिया से एमटेक किया गया है तो अनूपशहर के संजय शर्मा ने इंजीनियरिंग में परास्नातक किया है। विधानसभा में सबसे ज्यादा पीएचडी धारक पहुंचे हैं। भारतीय जनता पार्टी से घोरावल विधायक डा अनिल कुमार मौर्य, वाराणसी से नीलकंठ तिवारी, देवरिया से शलभ मणि, सरोजनीनगर से राजेश्वर सिंह, एत्मादपुर से धर्मपाल, छपरौली से अजय कुमार, हमीरपुर से मनोज प्रजापति समेत समाजवादी पार्टी विधायक मड़ियाहूं से समाजवादी पार्टी सुषमा पटेल, जंगीपुर से वीरेन्द्र कुमार, गैंसड़ी से शिव प्रताप यादव समेत दो दर्जन पीएचडी धारक विधानसभा पहुंचे हैं। चौरीचौरा से विधायक श्रवण निषाद ने भी बीटेक कर रखा है। एडीआर की रिपोर्ट के बाद कुछ उन प्रत्याशियों के संबंध में चर्चा कर लेते हैं। जिन्हें बार बार उत्तर प्रदेश की जनता विधानसभा के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है। जेल में रहने के बावजूद भी पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां 10 वीं बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश कुमार खन्ना व पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव पर यहाँ की जनता ने नौवीं बार अपना विश्वास व्यक्त किया। आठवीं बार जीतने वालों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री व हरदोई के बालामऊ से विधायक रामपाल वर्मा शामिल हैं। छठी बार चुन कर आने वालों में जसवंतनगर इटावा से प्रसमाजवादी पार्टी अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, अंबेडकरनगर के अकबरपुर से पूर्व मंत्री राम अचल राजभर व कटेहरी से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा, अमरोहा से पूर्व मंत्री महबूब अली तथा पुवायां-शाहजहांपुर से चेतराम शामिल हैं। सदन में सातवीं बार चुन कर आने वालों में जनसत्ता दल के मुखिया व पूर्व मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया, पूर्व मंत्री फतेहपुर बहादुर सिंह तथा पूर्व मंत्री इकबाल महमूद शामिल हैं।

इस चुनाव एक और विशेष बात दिखी। प्रबुद्ध वर्ग ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया। चुनाव के पहले यह शोर मचाया जा रहा था कि तमाम एनकाउंटर के बाद भी उनका मत समाजवादी को नहीं मिला। डबल इंजन की सरकार का पूरा लाभ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिला। विकास और सुशासन के मुद्दे पर हुए इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी का भी काफी वोट भारतीय जनता पार्टी की ओर मुड़ा है। यही नहीं, योगी सरकार के प्रति ब्राह्मणों की नाराजगी भी अफवाह साबित हुई। 2017 की तुलना में अधिक वोट भारतीय जनता पार्टी को दिया है। केंद्र की मोदी सरकार की उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास योजना और नि:शुल्क राशन वितरण योजना ने जाति-धर्म से ऊपर नया मतदाता वर्ग तैयार किया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी जनसभाओं से इन कल्याण योजनाओं का प्रचार भी लगातार किया। इस वजह से बहुजन समाज पार्टी का जाटव सहित दलित वोट बैंक बड़ी मात्रा में भारतीय जनता पार्टी के पाले में चला गया। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी को 89 प्रतिशत ब्राह्मणों ने वोट दिया है, जो कि 2017 की तुलना में छह गुणा अधिक है। मौजूदा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में कुल 34 मुस्लिम विधायक जीते हैं, जो पिछली बार से नौ ज्यादा है। इनमें से 31 अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के हैं। बाकी तीन में दो सहयोगी रालोद और एक विधायक ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के हैं। इस तरह से विधानसभा में कुल संख्या के सापेक्ष मुस्लिम विधायक 8.43 प्रतिशत होंगे। अमरोहा-महबूब अली, बहेड़ी-अता उर रहमान, बेहट-उमर अली खान, भदोही-जाहिद, भोजीपुरा-शहजिल इस्लाम, बिलारी-मो. फहीम, चमरौआ-नसीर अहमद, गोपालपुर-नफीस अहमद, इसौली-मो. ताहिर खान, कैराना-नाहिद हसन, कानपुर कैंट-मो. हसन, कांठ-कमाल अख्तर, किठौर-शाहिद मंजूर, कुंदरकी-जिया उर रहमान, लखनऊ वेस्ट-अरमान खान, मटेरा-मारिया, मऊ-अब्बास अंसारी, मेरठ-रफीक अंसारी, महमूदाबाद-सुहेब उर्फ मन्नू अंसारी, मुरादाबाद ग्रामीण-मो. नासिर, नजीबाबाद-तस्लीम अहमद, निजामाबाद-आलम बदी, पटियाली-नादिरा सुल्तान, राम नगर-फरीद मो. किदवई, रामपुर-मो. आजम खान, संभल-इकबाल महमूद, सिंकदरपुर-जिया उद्दीन रिजवी, शीशामऊ-हाजी इरफान सोलंकी, सिवालखास-गुलाम मोहम्मद, स्वार-मो. अब्दुल्ला आजम, ठाकुरद्वारा-नवाब जान, थानाभवन-अशरफ अली, डुमरियागंज-सैय्यदा खातून, सहारनपुर-आशु मलिक हैं।

उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव परिणाम के अनुसार भारतीय जनता पार्टी प्रथम स्थान पर और समाजवादी पार्टी दूसरे स्थान पर है। अगर वोटो के आधार पर अध्ययन करें, तो यह निष्कर्ष निकलता है कि की 77 ऐसी विधानसभाएँ हैं, जहां समाजवादी पार्टी 200 से 13000 वोटों के अंतर से हारी है। इन सभी सीटों को जीतने के लिए उसे 496408 वोट की जरूरत थी। अगर इतना वोट मिल जाता तो समाजवादी पार्टी बहुमत प्राप्त कर लेती। भारतीय जनता पार्टी को 41.03 फीसदी यानी 3,80,51,721 वोट मिला। इन वोटों के सहारे वह 255 सीट पाने में कामयाब रही। समाजवादी पार्टी को कुल वोट 32.06 फीसदी यानी 2,95,43,934 मिले। इससे समाजवादी पार्टी गठबंधन को 125 सीटें मिली। सत्ता तक पहुंचने के लिए उसे 77 सीटों की और जरूरत थी। अगर पाँच लाख वोट और प्राप्त कर लेती, तो वह सत्ता प्राप्त कर लेती। मड़ियाहूं, सीतापुर, बदलापुर, श्रावस्ती, औराई, सलोन, फूलपुर, बिंदकी, अलीगंज, इटावा, बहराइच, जलेसर, मधुबन, जलालाबाद, तिर्वा, भोगांव, मोहम्मदी कोल, महमूदाबाद, मेंहदावल, खागा, बीकापुर, राबर्टसगंज, मिलक, कन्नौज, ज्ञानपुर, दुद्धी, शाहाबाद, गोंडा, नरैनी, मैनपुरी, पीलीभीत, देवबंद, रायबरेली, हस्तिनपुर, सहारनपुर नगर, मलिहाबाद, मेरठ दक्षिण, गोपामऊ, जौनपुर, सिकंदरराव, सांडी, नवाबगंज, चकिया, शाहजहांपुर, करछना, दातागंज, लंभुआ, ददरौला व सिधौली है। ऐसी सीटें हैं, जो समाजवादी पार्टी पाँच से दस हजार वोटों से हारी। मेरे अध्ययन के अनुसार बहुसंख्यक समुदाय के बीच अखिलेश यादव का समर्थन 18 प्रतिशत से बढ़कर 26 प्रतिशत हो गया। कहने का तात्पर्य यह है कि उनकी सॉफ्ट हिन्दुत्व वाली रणनीति कामयाब रही। लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने 80 प्रतिशत हिंदू समुदाय के मतदाताओं के वोट शेयर पाने के लिए हर मुमकिन प्रयास किया और काफी हद तक सफल हुआ। इस सम्पूर्ण अध्ययन के बाद मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा की। इस बार की विधानसभा का कलेवर कई मामलों में अलग है हालांकि इस विधानसभा में भी बाहुबलियों की संख्या काफी है। करोड़पतियों की संख्या भी पर्याप्त है। हिन्दुत्व के मुद्दे के बाद भी पहले से अधिक संख्या में मुस्लिम भी जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। लेकिन इस बार की सबसे बड़ी विशेषता यह है इस बार उच्च शिक्षित विधायकों की संख्या पर्याप्त है। उनके विशेषज्ञता का भी लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। धीरे धीरे ही सही लेकिन इधर देखने में आ रहा है कि विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के अलावा अपने अपने क्षेत्रों में एक्सपर्ट भी जीत कर आए हैं। अब देखना यह है कि वे अपनी विशेषज्ञता का कितना लाभ उत्तर प्रदेश की अवाम की बेहतरी और विकास में दे पाते हैं।

**प्रोफेसर डॉ. योगेन्द्र यादव ( गुरुजी ) पर्यावरणविद, शिक्षाविद, भाषाविद,विश्लेषक, गांधीवादी/समाजवादी चिंतक, पत्रकार, नेचरोपैथ व ऐक्टविस्ट**

## सेकुलर साजिशें बेनकाब, उत्तर प्रदेश में एक बार फिर उपयोगी साबित हुए योगी

चुनावों के दौरान विरोधी दलों की ओर से भाजपा की छवि को धूमिल करने का हरसंभव प्रयास किया गया। चुनाव से पहले चर्चा फैलाई गयी कि ब्राह्मण वर्ग योगी सरकार से नाराज है जबकि चुनाव बाद का सर्वे बता रहा है कि भाजपा को 89 प्रतिशत ब्राह्मणों ने वोट दिया है। वर्ष 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव परिणामों पर पूरे भारत की ही नहीं अपितु विदेशी मीडिया की भी निगाहें थीं और कई प्रकार के विमर्श गढ़े जा रहे थे लेकिन उन सभी को उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने ध्वस्त कर दिया है। प्रदेश की जनता ने सभी राजनैतिक दलों को धूल चटा दी है और सुरक्षा, विकास स्थिरता व राष्ट्रवाद के नारे को प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को विजयश्री दिलायी है। 2022 के विधानसभा चुनावों में एक बार फिर वो सभी सर्वे फेल हो गये हैं जिनमें कई पत्रकार बंधु भाजपा को अधिक से अधिक 217 से 230 सीटों पर ही सिमटा रहे थे और एक-दो पत्रकार भाजपा को 140 से 170 सीटें भी दे रहे थे। आज वह सभी पत्रकार अपना सिर खुजला रहे हैं और विचार कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या हुआ है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता अभी भी कायम है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए सभी प्रकार के हथकंडे अपनाये गये चाहे वह किसान आंदोलन हो, लखीमपुर-खीरी की हिंसा का मामला हो या फिर हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना रही हो। प्रदेश के विधानसभा चुनावों में बीजेपी को हराने के लिए कर्नाटक से हिजाब का एजेंडा चलाया गया, जगह-जगह हिजाब को लेकर सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की गयी लेकिन प्रदेश के समझदार मतदाता ने सभी साजिशों और समीकरणों को ध्वस्त कर दिया। प्रदेश के विरोधी दलों की ओर से झूठा विमर्श गढ़ा गया कि प्रदेश का ब्राह्मण समाज, पश्चिम का जाट समाज व किसान योगी सरकार से नाराज है लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। भारतीय जनता पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के, 卐सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास卐 के मूल मंत्र के कारण मुस्लिम समाज को छोड़कर शेष समाज के सभी वर्गों का वोट मिला है। भारतीय जनता पार्टी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मठ और ईमानदार छवि का भी लाभ मिला है। योगी भाजपा के असली कर्मयोद्धा बनकर उभरे हैं। प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने अपराधियों के प्रति जो नीतियां अपनायीं उसके लिए अपना समर्थन दिया है। योगी सरकार में महिलाओं व कॉलेज जाने वाली युवतियों में सुरक्षा की भावना पैदा हुयी जिससे उन्होंने योगी के नेतृत्व में भाजपा को भरपूर वोट दिया है।

योगी के कार्यकाल में लगभग दो वर्ष कोरोना महामारी का प्रकोप रहा। योगी का सक्षम कोरोना प्रबंधन सभी ने देखा। कोरोना कालखंड में भाजपा सरकार ने जिस प्रकार से 15 करोड़ परिवारों को फ्री राशन उपलब्ध कराया है वह महतवपूर्ण है। कठिन समय में सरकार का वह साथ आम जनता के मन व दिमाग में पूरी तरह से समा गया था जिसका परिणाम आज आया है। जब प्रदेश के विरोधी दलों को समझ में आया कि फ्री वैक्सीनेशन और राशन का असर मतदाता के दिलोदिमाग पर पड़ रहा है तब उनकी ओर से यह झूठा प्रचार किया गया कि यह फ्री का राशन केवल चुनावों तक ही मिलेगा लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से एक टीवी कार्यक्रम में ही यह ऐलान कर दिया गया था कि प्रदेश में बीजेपी सरकार की वापसी के बाद भी फ्री का राशन मिलता रहेगा। फ्री राशन के अतिरिक्त शौचालय, घर जैसी अकल्पनीय चीज़ पाने वाले विभिन्न लाभार्थी मतदाताओं ने भी बीजेपी को विजय दिलाने में सहयोग किया है। प्रदेश में भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन का भी मत मिला है। केंद्र की मोदी सरकार के प्रति जनसंतोष ने भी यूपी में भाजपा की बड़ी सहायता की है। उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई योजनाओं के कारण भाजपा ने अपना एक नया मतदाता वर्ग तैयार कर लिया है जिसका असर चुनाव परिणामों में देखने को मिला है। एक सर्वे में 38 प्रतिशत लोगों ने विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। गरीब कल्याणकारी योजनाओ का असर भांप रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री यागी आदित्यनाथ ने जनसभाओं से इन योजनाओं का प्रचार भी लगातार किया जिसका असर यह हुआ कि बसपा का जाटव सहित दलित वोट बैंक बड़ी मात्रा में भाजपा के पाले में चला गया और आज प्रदेश की राजनीति में बसपा हाशिये पर चली गयी है।

इन चुनाव परिणामों से एक बात यह भी साबित हो गयी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैलियों व रोड शो का भरपूर असर हुआ है।। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी नेताओं ने अपनी जनसभाओं में विकास योजनओं के साथ-साथ सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान अपराध, उनकी गुंडई, भ्रष्टाचार को मुददा बनाया और अहमदबाद कोर्ट का फैसला आने के बाद प्रधानमंत्री ने वह मुद्दा भी खूब जोरशोर से उठाया और समाजवादी पार्टी को पूरी तरह से बेनकाब कर डाला। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा के नजरिये से सबसे कठिन माने जा रहे।

## होली हमारी गजब करती है

## कवि सत्यनारायण पाण्डेय

**जे पी शर्मा / स्थानीय संपादक**
**दैनिक अमर स्थम्भ**

होली हमारी गज़ब करती है,
हम सबको रंगों से रंग देती है।
हँसी-ठिठोली सब करते हैं,
भावों में भाव मिला देती है।

झूम-झूम गाते हैं हम सब,
अबीर-गुलाल उड़ाते हैं हम।
भेद-भाव न रहता कोई,
मर्यादा को रखते हैं हम।

लाल-गुलाल उड़त अम्बर तक,
भाभी- देवर संग करत ठिठोली।
बाल्टी-लोटा से रंग उड़ेलत,
माँ बच्चों संग करत किलोली।

रंगों में रंग समा जाते हैं,
हम सब भी घुल जाते है।
होली मन को भाती है,
पराये भी मिल जाते हैं।

दूर-दूर तक अच्छा लगता,
छम-छम की आती आवाज़।
आज सजी है घर की दुल्हन,
पाकर एक मधुर आवाज।

**कवि सत्यनारायण पाण्डेय**
**नारायण**
**भीटी( खोरिया )**
**गोरखपुर**

## फागुन के दोहे

फागुन की आहट हुई,है मन में उल्लास।
लुभा रहा है रोज़ ही,मुझको अब मधुमास।।

फागुन के मेले लगे ,गाता गीत वसंत।
हम-तुम की तो बात क्या,बौराये हैं संत।।

फागुट का सौंदर्य है,मनवा है रंगीन।
पिया गये परदेश को,सजनी सच में दीन।।

फागुन ने नग़मे रचे,कोयल की है कूक।
संतों के भी दिल उठी,राग-रंग की हूक।।

आम्रकुंज मस्ता रहे,खिलती दिखे बहार।
मौसम ने देखो किया,आकर्षक सिंगार।।

फागुन लेकर आ गया,अंतर नवल उमंग।
उड़ने को तैयार हैं,देखो नेहिल रंग।।

फागुन ने सबको दिया,मधुर-मधुर अहसास।
अपनेपन का हो गया,हर दिल में अब वास।।

फागुन में बहती हवा,लगती सुखकर आज।
मन में बजती बाँसुरी,बजता है नित साज़।।

फागुन ने रिश्ता किया,जोड़ लिए सम्बंध।
अब वसंत से हो गया,उसका तो अनुबंध।।

फागुन में गतिशीलता,फागुन में उत्साह।
फागुन ने तो सौंप दी,जीने की नव राह।।

**-प्रो( डॉ )शरद नारायण खरे**
**प्राचार्य**
**शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय**
**मंडला,मप्र-481661**

## आगामी त्यौहारों के कुशल संचालन के लिए जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक का दिशा निर्देश

**कानपुर देहात संवाददाता**

( विपिन कुमार )। (कानपुर) आगामी त्योहारों के मद्देनजर जिला अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक के द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मीटिंग करते हुए संबंधित जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें आगामी होली के संदर्भ में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि वह किस प्रकार क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए अपने प्रयास को गति प्रदान कर सकते हैं वही वहां पर उपस्थित अन्य सम्मानित जनों से त्यौहार के संचालन के संदर्भ में उचित एवं सार्थक सलाह भी मांगी गई।ज्ञात हो कि कुछ दिनों उपरांत हिंदू रीति रिवाज का महत्वपूर्ण त्यौहार होली,भैया दूज आने वाला है।जिस संदर्भ में यह मीटिंग महत्वपूर्ण कही जा रही है।

## टेंडर फूड मॉडल स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

Annual Prize Distribution Function

कानपुर, टेंडरफूट मॉडल स्कूल चमनगंज कानपुर में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब धूम मचाया कक्षा 3 व 4 के बच्चों ने कक्षा 5 के बच्चों को हार पहना कर उनको विदाई दी स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य फोजिया रिजवान ने उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और हिदायत की आगे चलकर खूब मेहनत करके अपने देश स्कूल अभिभावक का नाम रोशन करें इस मौके पर सभी बच्चों ने अपने स्कूल से पूछने पर अफसोस जाहिर किया समारोह का संचालन हेमा खान ने किया।

## एसपी ने पुलिस मुख्यालय ककोर मे कार्यालयो का किया वार्षिक निरीक्षण

ककोर। सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा आईजीआरएस, महिला प्रकोष्ठ ,सीसीटीएनएस, गुमशुदा सेल, जनसूचना सेल, सीसीटीएनएस, विभिन्न कार्यालयों के अभिलेखों का निरीक्षण किया । जिसमे पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों को पूर्ण करने तथा उनके रख रखाव के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिश्यपाल सिंह एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे ।

## दबंगों ने हलवाई को मारपीट कर किया घायल

मैनपुरी/कुरावली ।( दैनिक अमर स्तम्भ )नगर के मोहल्ला बैदनटोला निवासी हलवाई विनोद कुमार उर्फ मौसा पुत्र राजाराम ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते 9 मार्च को वह ग्राम मकबूलपुर में हलवाई का काम करके घर वापस लौट रहा था। रात्रि के लगभग 8-30 बजे जैसे ही वह मैनपुरी मार्ग पर स्थित नौगांव मोड पर पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद रामवीर हलवाई निवासी ग्राम नगला बख्ती, सुनील पुत्र कलेक्टर सिंह , प्रमोद पुत्र अमृत सिंह, जसवंत पुत्र किशन लाल निवासीगण ग्राम सुजानपुर ने आकर गाली-गलौज करते हुए विनोद की मारपीट कर दी तथा गर्दन के बगल में लाठी मार दी जिससे विनोद घायल हो गया। राहगीरों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पड़ोसी महिला से झगड़ा कर रहा युवक गिरफ्तार

मैनपुरी/कुरावली ।( दैनिक अमर स्तम्भ )क्षेत्र के ग्राम जमलापुर में रविवार को मोहिनी पत्नी आशीष से दुकान पर सामान उधार देने को लेकर ग्राम के ही रवि यादव पुत्र मास्टर सिंह ने गाली गलौज करते हुए धमकी दी परेशान महिला मौसमी ने थाना में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी रवि यादव को गिरफ्तार कर शांति भंग के आरोप में कार्रवाई की।

## रास्ते के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर पीटा

मैनपुरी/कुरावली ।( दैनिक अमर स्तम्भ )क्षेत्र के ग्राम बिछिया विक्रमपुर निवासी महिला संजो देवी पत्नी लीला कृष्ण ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसका गांव के ही जसवीर सिंह पुत्र सोनेलाल से रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। जिसको लेकर रविवार की सुबह लगभग 7-00 बजे जसवीर सिंह ने अपनी पत्नी सुदामा देवी तथा पुत्री सुधा देवी व सोनी पत्नी रत्नेश के साथ मिलकर घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए महिला की मारपीट कर दी। महिला को बचाने गए पति लीलाकृष्ण को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पुलिस ने घायल लीला कृष्ण का मेडिकल कराया।

# कानपुर देहात मिठाई की दुकानों पर खाद्य विभाग की छापेमारी

**ब्यूरो रिपोर्ट /अर्जुन सिंह यादव**

कानपुर देहात में होली के त्यौहार के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम अकबरपुर रसूलाबाद सिकंदरा भोगनीपुर कई जगह पर छापेमारी का मिलावट खोरी पर लगाम लगाने में जुट गई है छापेमारी के दौरान खाद्य विभाग की टीम ने कई जगहों से रिफाइंड, पेठा, खोया, सहित अन्य खाद्य वस्तुओं के नमूने संकलित किए हैं और जांच के लिए भेज दिए हैं इस दौरान होली त्यौहार के मद्देनजर कड़े दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि विक्रेता किसी प्रकार की मिलावट खोरी ना करें वरना कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी

### मिठाई की दुकान पर खाद्य विभाग की नजर

कानपुर देहात में होली के त्यौहार पर फल और मिठाई की मांग बढ़ गई जिसको लेकर खाद्य विभाग की नजरें मिठाई की दुकान पर विशेष तौर पर है इस दौरान कई बड़ी दुकानों से सैंपल भरे गए और संचालकों को निर्देश दिए गए कि त्योहार के मद्देनजर दुकान पर किसी भी प्रकार से मिलावटी खोया को ना रखें खाद्य विभाग की टीम को स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए हैं कि सामान्य नागरिकों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न किया जाएगा

कहां पर चला अभियान

कानपुर देहात में खाद विभाग की टीम ने रूरा रसूलाबाद राजपुर सिकंदरा अकबरपुर भोगनीपुर के आसपास की दुकानों दुकानों में अभियान चलाया है क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित दुकानों से खाद्य सामग्री के नमूने भी एकत्रित किए हैं छापेमारी के दौरान खाद्य विभाग की ओर से अभीहित अधिकारी मनोज कुमार वर्मा मुख्य खाद्य अधिकारी शैलेंद्र दीक्षित खाद्य सुरक्षा अधिकारी अलग-अलग जगह पर उपस्थित रहे.

## रसूलाबाद पुलिस ने पकड़ा खोया पुलिस विभाग ने खाद विभाग को दी सुचना

**मैंथा संवाददाता /विपिन कुमार**

रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी तिश्ती चौकी प्रभारी ने चेकिंग के दौरान तकरीबन 6 कुंटल नकली खोया पिकअप में पकड़ा वहीं चौकी प्रभारी ने फूड स्पेक्टर को सूचना दी जहां पर चौकी पुलिस प्रभारी ने खोए से लदी गाड़ी को लेकर रसूलाबाद कोतवाली पहुंची जहां पर फूड इंस्पेक्टर के अधिकारियों ने नकली खोया का सैंपल भरा चौकी प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि होली पर्व के मद्देनजर चेकिंग अभियान क्षेत्र में चलाया जा रहा था जहां पर चेकिंग के दौरान पिकअप चालक पुलिस को देखकर पिकअप छोड़कर फरार हो गया वही गाड़ी की जब तलाशी ली गई तो गाड़ी में तकरीबन 6 कुंटल खोया लदा हुआ पाया गया नकली खोया का आशंका जताते हुए फूड स्पेक्टर विनीता यादव को जानकारी दी गई फ्रुड इंस्पेक्टर ने सैंपल भरकर जांच के लिए लैब भेज दिया है जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी वहीं चालक की जानकारी हो गई है सूचना पर बुलाया गया है पिकअप चालक पिम्मा निवादा आशू यादव ने बताया खोया भाटिया के व्यापारियों का खोया लादकर कानपुर नगर बिक्री करने जा रहा था जिन व्यापारियों का खोया है उनको जानकारी दे दी गई है

## 24 माह का वेतन न मिलने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

**पप्पू यादव**

कानपुर, 14 माह का वेतन न मिलने के विरोध में जिलाधिकारी को शिक्षको ने ज्ञापन सौंपा सुरजा देवी सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल बैरी कल्याणपुर कानपुर को बंद करने की साजिश तथा 24 माह का स्टाफ का वेतन भुगतान ना करने के विरोध में हरीश चंद्र दिक्षित प्रांतीय शिक्षक संघ के नेतृत्व में विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलकर विद्यालय में रिसीवर नियुक्त करने की मांग की गई है ! जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियुक्त जांच अधिकारी की भूमिका की जांच की मांग की पीठासीन अधिकारी राजीव उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा गया तथा कार्यवाही का आश्वासन प्राप्त हुआ। प्रतिनिधि मंडल में राज किशोर शुक्ला प्रधानाचार्य प्रदीप दिवेदी, प्रदीप कुमार कटिहार, कृपाशंकर शुक्ला ,प्रताप नारायण पांडे, ऊषा किरण विश्वकर्मा ,प्रतिमा, कमल, रूप नारायण शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# कानपुर देहात बिजली विभाग बकायेदारों पर हुआ सख्त

**ब्यूरो रिपोर्ट/ अर्जुन सिंह यादव**

कानपुर देहात में बिजली के बकायेदारों को बिजली विभाग करंट का झटका देने की तैयारी में जुट गया है सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए जाएंगे और वहीं बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर मुकदमा दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसको लेकर बिजली भाग ले लगभग तैयारियां पूरी कर ली है

### बिजली माफी की उम्मीद ने बना दिया बकायेदार

विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तरफ से किए जा रहे बड़े-बड़े वादे ने भी कई ऐसे बकायदा खड़े कर दिए जिन्हें चुनाव के बाद बिजली माफी की उम्मीद थी जिसके चलते उन्होंने बिल जमा करना ही बंद कर दिया और वह बिजली बकाया दार बन गए और अब यह हालत है कि किसी भी वक्त उनका बिजली कनेक्शन बिजली विभाग काट सकता है लेकिन वही राजनीतिक पार्टी के जनता से किए वादों के चलते सबसे ज्यादा नुकसान बिजली विभाग को उठाना पड़ा और जहां बकायेदारों की सूची तेजी के साथ इजाफा हो गया और देखते ही देखते करोड़ों रुपए की बकायादारी खड़ी हो गई

### जारी हुए आदेश

**प्रशासनिक सूत्रों की मानें तो मध्य कर दो के ठीक बाद बिजली विभाग के प्रबंध निर्देशक की तरफ से एक बैठक बुलाई गई और बैठक में सभी विद्युत वितरण खंडों को बिजली का बकाया वसूली लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश जारी किया गया और कड़े निर्देश दिए गए बकायेदारों से तेजी से साथ वसूली की जाए और पैसा तो दे दे वालों के ऊपर विधिक कार्यवाही की जाए इसी के साथ-साथ बिजली चोरी पर भी लगाम लगाने के लिए प्रबंध निर्देशक की तरफ से कल दिशा निर्देश जारी किए गए यह लगातार छापामारी अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए**

# समाज कल्याण सेवा समिति ने सर्व धर्म प्रार्थना का किया आयोजन

**पप्पू यादव**

कानपुर, समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से विगत 13 वर्षों से लगातार समाज कल्याण सेवा समिति लावारिश शवों के वारिश बन लगातार कानपुर नगर व कानपुर देहात में लावारिस शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार कराती आ रही है। अभी तक समिति ने लगभग 14570 लावारिस शवों का ससम्मान अंतिम संस्कार कराया है। भारत में आयी त्रासदी कोरोना काल में कोविड-19 ग्रसित शवों का ससम्मान अन्तिम संस्कार कराया है। समिति द्वारा प्रति वर्ष लावारिस शवों के परिजनों की आत्म शान्ति हेतु सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन कराती है। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष सफीक सिद्दीकी ने किया । इस आयोजन के दौरान सभी धर्मों के धर्मगुरू व गणमान्य व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने धर्मानुसार प्रार्थना कर लावारिश शवों व उनके परिवारीजनों की आत्म शान्ति की प्रार्थना की गयी व पुष्प अर्पित करते हुये कैन्डिल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी व सभी ने एकमत होकर समिति के द्वारा कराये जा रहे इस नेक काम की सराहना की। समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज कल्याण सेवा समिति विगत 13 वर्षों से लगातार लावारिस शवों के वारिस बन उनका ससम्मान अन्तिम संस्कार कराती चली आ रही है। हमारी सभी गणमान्य प्रबुद्ध

जनों से प्रार्थना है कि हमारे इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें। इस कार्य में लगे हमारे 6 सदस्यों को गोद लें व इस कार्य हेतु पन्नी दें, बांस दें, कफन दें चादर दें और ये भी न दे सकें तो इन लावारिस शव को एक दिन कन्धा जरूर दें और हमारे सहभागी बनें। सभी मौजूद प्रबुद्ध जनों ने प्रार्थना कर आत्मशान्ति की दुआयें करी और समिति के इस कार्य हेतु सराहना करते हुये जलपान कर कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनीराम पैंथर,शाहाना परवीन नीति पांडे, कार्यक्रम संयोजक सफीक सिद्दीकी, सैमुअल सिंह मनोज सेगर, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा एवं श्रद्धांजलि समारोह

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन

मैनपुरी/भोगांव ।( दैनिक अमर स्तम्भ )नेशनल पी.जी. कॉलेज भोंगाव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर के समापन के मुख अतिथि नुकुल सक्सेना प्रबंधक समिति नेशनल पी जी कॉलेज भोगांव मैनपुरी रहे। इस मौक़े पर नकुल सक्सेना ने कहा कि आज की आवश्यकता है कि युवा मन वचन और कर्म से राष्ट्र सेवा में जुट जाये। वही कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि पूरन चन्द्र शास्त्री ग्राम प्रधान छाछा भोंगाव ने कहा कि व्यक्ति महान ईमानदारी पूर्वक मेहनत करें। प्रभारी प्राचार्य डॉ ए.के. पाल ने कहा की युवा शक्ति के राष्ट्र सेवा से जोड़ने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद मिश्रा प्रबंधक समिति ने की ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजकुमार सिंह ने सात दिनों तक चले शिविर की आख्या प्रस्तुत की और स्वस्थ,स्वच्छता, साफ ,सफाई और बालिका सुरक्षा के लिए लोगों का आह्वान किया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम समापन समारोह में डॉ राकेश गुप्ता , पुनीत चौहान, डॉ फतेह सिंह , डॉ कौशलेंद्र दीक्षित,डॉ राजेश सिंह चौहान, डॉ अशुतोष, डॉ आदित्य गुप्ता , डॉ कीर्ति गुप्ता, पंकज दीक्षित ,विनय कुमार,बृजेश कुमार, सत्येंद्र ,जयवीर के अलावा जूनियर हाई स्कूल की शिक्षिका सविता वर्मा,गिरिजा शाक्य, सविता शाक्य,मीरा राजपूत के अलावा छात्र आनस हुसैन, मुकुल शर्मा,राजकुमार, रीतिका,मोहित, हेमंत आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व नो स्मोकिंग डे पर ज्योति बाबा की चेतावनी

### किशोरों में लोकप्रिय होते हुक्काबार जो करेंगे कैंसर की नाव में सवार..ज्योति बाबा

### स्वस्थ भारत के लक्ष्य को साकार बनाने में बड़ा रोड़ा स्मोकिंग..ज्योति बाबा

2022.03.13 17:20

कानपुर। 100 लाख मौतें सालाना दुनिया भर में तंबाकू उत्पादों के कारण होती हैं 54 करोड़ प्रत्यक्ष रूप से भारत में तंबाकू सेवन करने वाले हैं सबसे दुखद पहलू यह है कि हुक्काबारों के प्रचलन को शादी विवाह में एक बड़े स्टेटस सिंबल के रूप में समाज में मान्यता मिलना दुर्भाग्यपूर्ण भी है जिससे बच्चे और किशोर बेझिझक हुक्का का प्रयोग शुरु कर देते हैं जिसके चलते स्मोकिंग के आधुनिकतम नशे का प्रयोग करने लगते हैं उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वाधान में आइफा,वी फॉर नेशन,सूरमा स्माइल फाउंडेशन अखिल भारतीय महिला शक्ति संघ के सहयोग से विश्व नो स्मोकिंग डे के परिप्रेक्ष्य में नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के तहत हंसपुरम आवास विकास पार्क में आयोजित स्मोकिंग से कैसे बचे-कैसे छोड़े जन जागरूकता कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख व नशा मुक्त समाज आंदोलन अभियान कौशल का के नेशनल ब्रांड एंबेसडर योग गुरु ज्योति बाबा ने कही,ज्योति बाबा ने कहा कि ज्यादातर सिगरेट पीने वाले खुद को स्मोकर बाय चॉइस मानते हैं यह स्वीकार करना आपको तंबाकू की लत लग चुकी है सिगरेट छोड़ने की राह पर आपका यह पहला सशक्त कदम होगा क्योंकि जब तक यह नहीं मानेंगे स्मोकिंग तंबाकू छोड़ने की जरूरत ही महसूस नहीं होगी,ज्योति बाबा ने कहा कि खुद पर यकीन के साथ दृढ़ इच्छाशक्ति के द्वारा आप स्मोकिंग व अन्य नशा छोड़ सकते हैं घबराए नहीं कई बार के प्रयास में आपको निश्चित सफलता मिलेगी, वी फॉर नेशन के राष्ट्रीय सचिव दिनेश शुक्ला ने कहा कि ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वेक्षण में खुलासा हुआ है कि तंबाकू नियंत्रण कानून बिना जन सहभागिता के उतने प्रभावी नहीं हो पाए हैं क्योंकि तंबाकू का प्रयोग चबाने सूंघने मंजन व स्मोकिंग के द्वारा किया जा रहा है इसीलिए डायन तंबाकू से बच्चों के बचपन को बचाने व सुरक्षित रखने के लिए सभी को सामूहिक इंकलाब इनके विरुद्ध करना ही होगा,भानु प्रकाश शुक्ला,आईफा अध्यक्ष ने कहा कि स्मोकिंग छोड़ने हेतु खुद को अलग-थलग रखने के बजाय व्यस्त रखें उस ओर से ध्यान हटाकर सामाजिक सेवा में भागीदारी बढ़ाएं और खुश रहें। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ने दिया,अंत में सभी को धूम्रपान मुक्त बचपन वातावरण बनाने की शपथ ज्योति बाबा ने दिलाई। इस मौके पर योगाचार्य सुनील सिंह व अनुराग सर के नेतृत्व में किशोरों और बच्चों के बीच में एंटी टोबैको अवेयरनेस फन गेम्स का विशेष रूप से आयोजन किया गया। अन्य प्रमुख संस्था सहयोगी अनुराग सिंह,अनिल पटेल,हेमा पटेल,जितेन्द्र कुमार चेयरमैन एन एस आर एल कंपनी शुभम श्रीवास्तव दिव्यांशी गौतम, आशुतोष त्रिपाठी,आरजे शुभ प्रा डी ऑस्टिन शर्मा,अग्रिमा सलोनी, अवंतिका इत्यादि थी।

## दिव्यांग बोर्ड में समय से नहीं आ रहे हैं डाक्टर

### दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिये दिन भर करना पड़ रहा इन्तजार

**राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने किया विरोध**

कानपुर,दिव्यांग बोर्ड में बोर्ड के सदस्य डाक्टर समय से बोर्ड में नहीं आ रहे हैं7 जिसकी वजह से दूर दराज से आने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है7 पिछले कई बार से देखा जा रहा है की दिव्यांग बोर्ड के सदस्य डाक्टर अवतार सिंह व डाक्टर जे0 पी0 गुप्ता के अलावा कोई डाक्टर बोर्ड में समय से उपस्थित नहीं हो रहे हैं7 इसकी लिखित शिकायत राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने 7 मार्च को सी0एम0ओ0 को पत्र देकर की थी7 पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने आरोप लगाया की ई0 एन0 टी के डाक्टर दोपहर दो बजे के बाद आते हैं7 जिसकी वजह से घाटमपुर, बिल्हौर से आने वाले दिव्यांगजनो को रात बस व रेलवे स्टेशन पर गुजारनी पड़ती है !राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए7 वीरेन्द्र कुमार ने कहा की दिव्यांग बोर्ड के सदस्य डाक्टर बोर्ड मे समय से आना शुरू नहीं किया तो राष्ट्रीय विकलांग पार्टी जिलाधजिलाधिकारी से इसकी शिकायत करेगी7

## मेरा बूथ सबसे मजबूत के तहत संजीव कुमार गुप्ता ने बूथों को मजबूत किया

### -सहयोगियों के साथ कडी मेहनत कर जनता को नीतियों से अवगत कराया

गुरसहायगंज (कन्नौज)। काफी लंबे समय से व्यापारी हितों के लिए संघर्ष की राजनीति करने वाले व्यापारी नेता संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू ने समर्थकों के साथ हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भी खुद को साबित करके दिखाया है। उन्होंने न सिर्फ प्रचार प्रसार में भारतीय जनता पार्टी को शिखर तक पहुंचाया। बल्कि ईवीएम मशीन में भी सर्वाधिक मत डलवा कर अपने दोनों वार्ड को सबसे मजबूत बनाने का कार्य किया है। सोमवार को नगर के रेलवे रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर भाजपा जिला संयोजक एवं प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ के प्रभारी संजीव कुमार गुप्ता उर्फ संजू ने संवाददाताओं से भेंट वार्ता के दौरान बताया कि लंबे समय तक व्यापारी हित की राजनीति करने के बाद भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर विधानसभा चुनाव 2022 के चुनाव में नगर के दो बूथों सहित नगर व क्षेत्र में समर्थकों के साथ कड़ी मेहनत करते हुए जनता के समक्ष पहुंचकर पार्टी की नीतियों व उपलब्धियों से अवगत कराकर पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक किया था। बताया कि नगर के बूथ संख्या 506 में भाजपा प्रत्याशी को 409, जबकि सपा प्रत्याशी को 136 मत मिले। इसी प्रकार बूथ संख्या 505 में भाजपा के पक्ष में 455, जबकि सपा प्रत्याशी के पक्ष में 163 वोट पड़े। बताया कि उन्हें बतौर पोलिंग प्रभारी के रूप में बूथ एजेंट अविनाश गुप्ता, अमन बाबू, अवधेश गुप्ता, रामजी गुप्ता मतदान के दिन पूर्ण रुप से सहयोग दिया। जिसके लिए वह सभी मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हैं।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

गुरसहायगंज (कन्नौज)। गरीबी की तंगहाली से परेशान होकर युवक ने गांव के बाहर पेड़ में फांसी का फंद्दा डालकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम झूसी नागर निवासी 45 वर्षीय धनपत सिंह ने गरीबी व गृह कलेश से तंग आकर गांव के बाहर बाग में पेड़ पर फंद्दा डाल फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। शौच करने जा रहे लोगों ने पेड़ पर शव लटके होने की जानकारी परिजनों को दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि मृतक के चार पुत्र है। पूर्व में भी वह आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। मृतक के भाई महेंद्र सिंह ने पुलिस को घटना की सूचना दी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## वीवीपैड फोड़कर का वीडियो वायरल करनें का मामला दर्ज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। चुनाव प्रक्रिया में प्रयुक्त होने वाली कंट्रोल यूनिट बीबी पैड फोड़कर देखते समय का वीडियो वायरल पर करना एक युवक को उस समय महंगा पड़ गया। जब वीडियो को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। ज्ञात हो कि विगत 19 फरवरी को सामान्य निर्वाचन 2022 विधान सभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान क्षेत्र के ग्राम मोरा मोहनपुर रतनपुर निवासी हरिओम पुत्र हंसराज द्वारा मतदान में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम मशीन के साथ प्रयुक्त होने वाली बीवी पैड फोड़ कर देखते समय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया था। जिसे संज्ञान में लेकर उप जिलाधिकारी छिबरामऊ अशोक कुमार के आदेश पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने अवैध कच्ची शराब सहित युवक को पकडा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। होली त्योहार से पूर्व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब का कारोबार करने वाले लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी के दौरान अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए एक युवक को हिरासत में ले कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई। बीती शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक श्री राम पटेल ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम गौरियापुर में छापेमारी कर एक युवक के पास से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब उस समय बरामद की। जब वह उसे कहीं बिक्री के लिए ले जा रहा था। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम केशराम दोहरे पुत्र महिपाल निवासी ग्राम गौरियापुर बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।**

## दंपत्ति पर जानलेवा हमला व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। विगत डेढ़ माह पूर्व रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुस के दंपति पर धारदार हथियारों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर धमकी दी थी। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली निवासी मिथिलेश पत्नी रणवीर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 24 जनवरी की शाम वह अपने पति के साथ घर में थी। तभी गांव के ही जगरूप, रामानंद, पुष्पेंद्र, गिरेंद्र, अजय एक राय होकर आए और उसके घर में घुसकर धारदार टकोरा, लाठी-डंडा लेकर मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए पति रणवीर सिंह पर भी हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।**

## रंजिश के चलते दंपति से मारपीट की

**गुरसहायगंज (कन्नौज)। रंजिश के चलते दंपति के साथ गांव के ही 4 लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की है। क्षेत्र के ग्राम घासीपुर निवासी दीपक पुत्र रामाश्रय द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीती शाम वह अपने दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव के ही अमर सिंह, विमलेश, अवनीश, अश्वनी आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी पत्नी को भी मारपीट कर घायल कर दिया पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।**

---

## प्रजातंत्र के चौथे खंभे पर हो रहे हमले रोकने में औरैया जनपद पुलिस हुई फेल,नहीं मिल रहा पत्रकारों को न्याय व सुरक्षा

### करीब दो माह पूर्व दिबियापुर थाना क्षेत्र में पत्रकार आदित्य शर्मा उनकी पत्नी व उनके साथी पर हुए कातिलाना हमले के मामले में नहीं हो रही कार्यवाही

### सफेदपोश के इशारे व पुलिस की अनदेखी से आरोपी पीड़ित पत्रकार व उनके साथी को दे रहे जानमाल की धमकियां



**दिबियापुर/औरैया।** तथाकथित सफेदपोश नेताओं के दबाव के चलते अपराधियों पर की जा रही दया के फलस्वरूप प्रजातंत्र के चौथे खंभे पर हो रहे हमले रोकने में औरैया जनपद पुलिस हुई फेल साबित हो रही है जिससे पीड़ित पत्रकारों को न्याय व सुरक्षा नहीं मिल पा रही है।।

पत्रकारों के उत्पीड़न अनेक मामलों में औरैया जनपद पुलिस केवल लकीर ही पीटकर कार्यवाही का ढोंग कर रही है, अपराधी पत्रकारों के साथ घटनाओं को अंजाम देने के बाद बेखौफ घूम कर क़ानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। और जनपद पुलिस तथाकथित सफेदपोश लोगों के आगे घुटने टेक व अपराधियों के प्रति नरमी बरत कर विभाग की साख पर कालिख पोत रहे हैं, उदाहरण के फलस्वरूप विगत 19 जनवरी 2022 को दिबियापुर कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार 6 से 7 अवैध असलाहधारी अपराधियों ने पत्रकार आदित्य शर्मा की पत्नी से छेड़खनी करने पर जब बिरोध किया तो गुंडों ने पत्रकार के कट्टे से जानलेवा हमला किया जिसका बीच बचाव के लिए जब साथी आया तो कट्टे की बट से सिर पर प्रहार कर दिया जिससे गंभीर चोंटे आयी थी उसके बाद पुलिस को सूचना देने के बाद मुकदमा 15 दिन बाद धारा-323,147,504,506,354 में दर्ज किया गया था लेकिन 2 माह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई इस पर पीड़ित पत्रकार व उसके साथी ने दिबियापुर पुलिस से कई बार न्याय की भीख मांगी पर कोई सुनवायी नहीं हुई तो पीड़ित पत्रकार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी,इसके बाद दिबियापुर थाना पुलिस ने अपने अधिकारियों के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए व विभाग की साख पर कालिख पोतते हुए एक आरोपी को दयादान कर शांति भंग की धारा में ससम्मान जेल भेजा,

पीड़ित पत्रकार ने बताया कि दिबियापुर पुलिस तथाकथित सफेदपोश के इशारे पर पूर्णरूपेण अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है,पीड़ित पत्रकार ने कहा कि कार्यवाही न होने से अपराधी उसे व उसके साथी व पैरवी करने वाले संभ्रांतजनों, पत्रकार साथियों को धमकाकर जानमाल का षड्यंत्र रच रहे हैं, पीड़ित पत्रकार ने कहा कि यदि उनके या साथियों पर किसी प्रकार का हमला,घटना,दुर्घटना होती है तो आरोपी,सफेदपोश व दिबियापुर पुलिस उत्तरदायी होगी।।

---

## जनता मोदी जी व योगी जी के नेतृत्व पर विश्वास कर रही है-मयंक गुप्ता

### - भाजपा की प्रचंड जीत पर सहकारी समिति के अध्यक्ष का हुआ स्वागत

गुरसहायगंज (कन्नौज)। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों व उपलब्धियों के चलते सबसे प्रचंड जीत मिली है। युवाओं व कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम व उत्साह के कारण कई दशकों बाद ऐसा हुआ है कि किसी पार्टी नें पुन: सत्ता में वापसी की है। कहा कि भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर नगर व क्षेत्र के बुजुर्गों, युवाओं, माताओं व बहनों नें भाजपा के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है। जिससे सिद्ध होता है कि देश व प्रदेश की जनता पीएम मोदी जी व सीएम योगी जी के नेतृत्व पर विश्वास कर रही है।

यह बात नगर के रेलवे रोड स्थित आवाज कार्यालय पर सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने कही। कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं तथा युवाओं को इसके लिए प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाया है। इससे पूर्व भाजपा नेता अमरदीप मिश्रा ने सहकारी समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता को फूल मालाएं पहनाकर भाजपा की जीत पर हर्ष जताया। बताया कि विधानसभा चुनाव 2022 में मयंक गुप्ता ने अपनी टीम के साथ नगर व क्षेत्र में डोर टू डोर पहुंचकर जनता से संपर्क कर पार्टी की नीतियों उपलब्धियों व योजनाओं से अवगत कराकर भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए जागरूक किया था। इस दौरान गौरव दुबे, ईशा गुप्ता, कमल गुप्ता, मनोज गुप्ता, अमन कठेरिया, अजय दीक्षित, ऋषभ दीक्षित, मनोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, दीपक सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## सती माता मंदिर में महिलाओं ने खेली अबीर फूल की होली

### -एकादशी पर्व पर हुआ महिला संगीत का आयोजन, बही बृज की बयार

गुरसहायगंज (कन्नौज)। एकादशी के पावन पर्व पर नगर के प्राचीन सती माता मंदिर को कारीगरों द्वारा भव्य रुप से सजाया गया। महिलाओं ने एकत्र होकर बुलावा कार्यक्रम में भक्ति गीतों के पश्चात अबीर गुलाल फूलों की होली खेली। जिससे मंदिर में ब्रज की बयार बह उठी।

सोमवार कि सुबह नगर के सर्विस रोड स्थित प्राचीन सती माता मंदिर में एकादशी के पावन पर्व पर वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी उर्मिला गुप्ता सहित श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधान से पूजा बंदना की। इसके बाद महिलाओं ने बुलाबा कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों को गाकर संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय कर दिया। साथ ही साथ महिलाओं ने अबीर गुलाल फूलों की होली खेल कर बरसाने का दृश्य दिखा। इसके बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य किया। इस दौरान रानी श्रीवास्तव, मानस, मंजरी, अनीता गुप्ता, रूबी अग्निहोत्री, रीना अग्निहोत्री, प्रीति वर्मा, विनीता गुप्ता, कर्सा गुप्ता सहित मनोज गुप्ता, गंगा सिंह कुशवाहा, अजय दीक्षित, नवल गुप्ता, कुलदीप बाथम, फूल सिंह आदि मौजूद रहे है।

---

## पशु व्यापारी से की हजारों की टप्पेबाजी

### - नगदी लेकर बाइक से फरार हुए टप्पेबाज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए बाइक सवार दो टप्पेवाजों ने नगर के बीचो बीच पशु व्यापारी से हजारों रुपये की टप्पेबाजी कर ली और फरार हो गए। पीड़ित ने इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। तो हरकत में आई चौकी पुलिस ने काफी दूर तक टप्पेबाजों का पीछा किया। लेकिन वह हाथ न लग सके।

सोमवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज स्थित पशु बाजार में मवेशियों को बेचकर ई-रिक्शा से वापस लौट रहे व्यापारी की टप्पेबाज ने जेब काट ली और उसमें रखी 65 हजार की नगदी पार कर दी। नगर के सब्जी मंडी गेट पर जब उसको इसकी जानकारी हुई तो ई-रिक्शा पर सवार युवक अपने बाइक सवार साथी के साथ फरार हो गया। घटना की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ गई। आनन-फानन में घटना की सूचना चौकी पुलिस को दी गई। जिस पर कांस्टेबल ओमपाल सिंह व अभय सिंह ने काफी दूर तक तक टप्पेबाजों का पीछा किया। लेकिन बाइक सवार दोनों युवक फरार होने में सफल रहे। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। वही प्रत्यक्षदर्शियों ने व्यापारी का नाम रुखसार निवासी छिबरामऊ बताया है। जबकि पुलिस मामले से बचते हुए कुछ भी बताने से इंकार कर रही है।

---

## विकास करके जीतेंगे दिल- गुड़िया कठेरिया

औरैया। योगी मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की दोबारा सरकार बनी है योगी जी ने प्रदेश में चौमुखी विकास किया था इसी को देखते हुए औरैया में विकास करके लोगों का दिल जीतूगी । यह बात भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त विधायिका गुड़िया कठेरिया ने भाजपा नेता मनोज पोरवाल एडवोकेट के प्रतिष्ठान पर अपने स्वागत के अवसर पर कही । इस अवसर पर भाजपा विधायिका ने आम जनमानस का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि मेरे दरवाजे नगर की जनता के सेवा के लिए हमेशा खुले रहेंगे पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी । वहीं दिबियापुर क्षेत्र के गांव हर्राजपुर गांव में पीड़ित भाजपा कार्यकर्ता अनुराग शुक्ला की मारपीट में पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही और पुलिस प्रशासन से कहा की वह जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे, अगर लापर वाही हुई तो कार्यवाही तय है । वहीं कहा की दिबियापुर,बिधूना क्षेत्र से भी वह समस्याओं का निस्तारण करेगी । मालूम हो कि दिबियापुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कृषि राज्यमंत्री मामूली मतो से हार गए थे और बिधूना विधानसभा क्षेत्र से रिया शाक्य को भी हार का सामना करना पड़ा था।

---

## त्यौहारों पर शांति बनाए रखने के लिए बेला पुलिस ने याकूबपुर में संभ्रांतजनों की बैठक की

### ष्ट्व बेला थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने क्षेत्र की जनता से प्रेम पूर्वक त्योहार मनाने व नाजायज शराब के सेवन से बचने का आवाहन किया

**घनश्याम सिंह**

**अमर स्तंभ ब्युरो औरैया(** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा के निर्देश पर त्योहारों पर शांति बनाए रखने के लिए बेला थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने पुलिस चौकी याकूबपुर में संभ्रांत जनों की बैठक ली/

इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक बेला जीवाराम ने संभ्रांतजनों से होली व शबेरात के त्यौहार को शांति पूर्वक पूर्वक मनाने एवं नाजायज शराब का सेवन न करने की अपील की, उन्होंने त्योहारों पर शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों को कड़ी चेतावनी भी दी, इस मौके पर उप निरीक्षक नीरज त्रिपाठी, रूप नारायण शुक्ला आदि पुलिसकर्मी व संभ्रांतजन गंगा सिंह सेंगर,वासुदेव प्रजापति जिला पंचायत सदस्य,राजा राणा, अवधेश यादव गजेंद्र गुप्ता, राम शरण गुप्ता, नन्हे सैनी, नफीस अहमद, बृजेश कुमार, मो. असलम,बनवारी लाल वर्मा, महेश पोरवाल,मो.सईम, आदि उपस्थित रहे।।

---

## बोर्ड परीक्षा से पहले शिक्षकों की समस्याओं का हो निस्तारण ,नहीं तो होगा धरना प्रदर्शन

### उ0 प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय ककोर पहुंचकर जिला विद्यालय निरीक्षक को शिक्षकों की समस्याओं से सम्बन्धित सात सूत्रीय मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

औरैया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र ने पदाधिकारियों के साथ जिला मुख्यालय ककोर पहुंचकर जिला विद्यालय निरीक्षक डाक्टर चंद्रशेखर मालवीय को शिक्षकों की समस्याओं से सम्बन्धित सात सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि चयन व प्रोन्नति प्रकरण लगभग 15 माह से कार्यालय स्तर पर लंबित हैं, नवनियुक्त शिक्षकों का लगभग 15 माह का वेतन लंबित है जबकि सम्बन्धित वेतन बिल पूर्व से ही कार्यालय में प्राप्त कराया जा चुका है, हिन्दी प्रवक्ता की नियुक्ति में लगी रोक समाप्त हो चुकी है उनकी वेतन वितरण प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय, एन पी एस के लिये काटी गई धनराशि खातों में भेजी जाय है, सत्र 2021-22 का एरियर भुगतान ,संलग्न प्राइमरी शिक्षकों के एरियर भुगतान लंबित है, मूल्यांकन का विगत वर्ष का भुगतान दिए जाने की मांग की है। सुनील मिश्रा ने बताया कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने को है ऐसी परिस्थिति में उक्त सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण जल्द कराया जाए । अन्यथा की स्थिति में जनपद के समस्त शिक्षक बोर्ड परीक्षा से पूर्व कार्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य होंगे।

---

## होली व शबेरात त्यौहारों पर शांति बनाए रखने के लिए पुलिस ने बेला थाने में संभ्रांतजनों की बैठक की

### बेला थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम बोले मिलजुल कर त्यौहार मनाएं सभी लोग

सलमान खान अमर स्तंभ प्रतिनिधि बेला(औरैया) पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा के निर्देश पर होली व शबेरात आदि त्योहारों पर शांति बनाए रखने के लिए बेला थाना प्रभारी निरीक्षक जीवाराम ने बेला थाना परिसर में संभ्रांत जनों की बैठक की संभ्रान्तजनों की बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक बेला जीवाराम ने सभी हिन्दू मुस्लिम भाइयों से होली व शबेरात के त्यौहार को शांति पूर्वक व मिलजुलकर मनाने की अपील की, उन्होंने त्योहारों पर गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों की सूचना देने को कहा, इस मौके पर उपनिरीक्षक पान सिंह,पूजा सोलंकी, सनोज यादव,विजय सिंह,पंकज वर्मा,अजीत चौधरी,विक्रांत चौधरी आदि समस्त पुलिस कर्मी व अंकज यादव ग्राम प्रधान जीवा सिरसानी,लल्लन यादव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनैसौं,डब्बू मिश्रा, अजीज खां, रवि पाल,कल्लू रावत क्षेत्र पंचायत सदस्य,एस के शुक्ल,अंकज कठेरिया आदि संभ्रांतजन उपस्थित रहे।।

## सेवामित्र पोर्टल वेब पर पंजीकरण कराकर लाभ उठायें।

**सुनील कुमार जिला संवाददाता।**

कासगंज। (दैनिक अमर स्तंभ) हुनरमंद बेरोजगार अभ्यर्थियों को स्वत: रोजगार के क्षेत्र मे सेवायोजित कराने के उद्देश्य से सेवामित्र पोर्टल वेब सेवामित्र डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन बनाया गया है। जिसके माध्यम से प्रशिक्षित एवं कौशल प्राप्त बेरोजगार अभ्यर्थियों को स्वत: रोजगार के क्षेत्रों जैसे इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, कारपेंटर, पेंटर, ब्यूटीशियन, ड्राइवर, पैथोलॉजी सेवायें कम्प्यूटर ,रिपेयरिंग, पेस्ट कन्ट्रॉल इत्यादि में रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी तथा आम–जन को अपने द्वार पर ही स्थानीय सेवा–लोकल सर्विस हेतु प्रशिक्षित एवं विश्वसनीय अभ्यर्थी उपलब्ध हो सकेंगे। उक्त जानकारी देते हुये जिला सेवायोजन अधिकारी कासगंज ए0के0सिंह ने बताया कि इस पोर्टल पर सेवा प्रदाता एजेन्सियां व कौशल प्राप्त अभ्यर्थी भी पंजीकृत होंगे। सेवा प्रदाता एजेन्सियां इन कौशल प्राप्त अभ्यर्थियों के माध्यम से नागरिकों को उक्त सेवायें उपलब्ध करायेंगी। सेवा प्रदाता का चयन आरएफई प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा। यह एक ऑल–इन–वन प्लेटफार्म है, जो नागरिकों और कुशल अभ्यर्थियों एवं सेवा प्रदाताओं को समान रूप से लाभान्वित करेगा। अत: विभिन्न प्रकार की सेवायें देने वाले सेवा प्रदाता तथा सभी प्रशिक्षित एवं कौशल प्राप्त अभ्यर्थी स्वत: रोजगार के क्षेत्र में सेवायोजित होने एवं सेवायें देने हेतु उक्त पोर्टल पर अपना/एजेंसी का पंजीकरण अवश्य करायें।

## पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत डूडा द्वारा नगर पालिका व नगर पंचायतों में मेगा कैम्पों का आयोजन।

**सुनील कुमार जिला संवाददाता।**

कासगंज। (दैनिक अमर स्तंभ) पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत 45 दिवसीय विषेश अभियान के अन्तर्गत विषेश ‘‘मेगा कैम्प‘‘ का आयोजन आज 15 मार्च, 2022 को तथा 24 एवं 25 मार्च, 2022 को सुबह 10 बजे से सांय 05 बजे तक जनपद के सभी नगर पालिका परिशद/नगर पंचायतों में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुये परियोजना अधिकारी डूडा विद्याशंकर पाल ने बताया कि विशेष कैम्पों के दौरान सभी स्वीकृत आवेदनों को बैंकों से समन्वय बना कर निस्तारित कराते हुये ऋण वितरण की कार्यवाही कराई जायेगी। बैंकों अथवा डिजीटल पेमेन्ट एग्रीगेटर्स से समन्वय कर प्रत्येक ऋण प्राप्त वेण्डर्स को डिजीटल साक्षर कराने के लिये डिजीटल लेनदेन का प्रषिक्षण प्रदान किया जायेगा। नगरीय निकायों में 15 करोड़ प्रति माह डिजीटल लेनदेन का लक्ष्य निर्धारित है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रति वेण्डर द्वारा प्रतिमाह कम से कम 200 डिजीटली लेनदेन (किसी भी मूल्य के) किये जाने हेतु उन्हें जागरूक/गतिषील किया जाएगा, जिससे वेण्डर्स को अधिक से अधिक कैषबैक की धनराषि प्राप्त हो सकें। कैम्पों में वेण्डर्स की मदद हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना की जायेगी। पोर्टल पर लम्बित बैंक से वापस आने वाले आवेदनों की त्रुटि दूर कराकर बैंक आवेदन पत्रों का निस्तारण कराया जायेगा। डिजीटल लेनदेन हेतु जिन वेण्डर्स के पास क्यू–आर कोड उपलब्ध नहीं हैं उन्हें क्यू–आर कोड उपलब्ध कराया जायेगा एवं वेण्डर्स को डिजीटल लेनदेन का प्रषिक्षण दिया जायेगा।

## परियोजना अधिकारी डूडा ने कहा कि उक्त कैम्पों के आयोजन में सोषल डिस्टेन्सिग एवं कोविड–19

**के प्रोटोकॉल का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाये। जिससे भारत सरकार एवं षासन की अपेक्षानुसार अधिक से अधिक वेण्डर्स को लाभान्वित करते हुये लक्ष्यों की प्राप्ति की जा सकें।**

**चार दिवसीय एफ0एल0एन0 शिक्षक प्रशिक्षण के चौथे चरण का हुआ समापन।**

**सुनील कुमार जिला संवाददाता।**

कासगंज। (दैनिक अमर स्तंभ) पटियाली~ ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली पर चल रहे फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी शिक्षक प्रशिक्षण का चौथा तेजा फेरा सोमवार को समाप्त हो चुका है, प्रशिक्षण प्रभारी श्री प्रदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिक्षक प्रशिक्षण का अगला चरण मंगलवार से शुरू होगा बीच में होली का अवकाश होने के कारण प्रशिक्षण का समय बढ़ जाएगा, यह प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर के प्रत्येक शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं शिक्षा मित्रों के लिए अनिवार्य है, इस प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद निश्चित तौर पर शिक्षक विद्यालय में नए तरीके से बच्चों को पढ़ाने के लिए तैयार होंगे। आज के इस प्रशिक्षण में सत्येंद्र सिंह ए आर पी,तलकीन हुसैन ए आर पी,अरविंद यादव, आनंद कुमार, चंद्र देव दीक्षित ए आर पी, एवं सहयोगी अरविंद कुमार ने पटियाली ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया, प्रशिक्षण लेने वालों में सुरजीत कुमार,अनुराग, रमन देवी, विनीता कुमारी, सगुना कुमारी, राधा तिवारी, अमित शाक्य, ममता यादव, रूपकिशोर, शैलेंद्र कुमार, गौरव देव, विपिन कुमार, नवीन चौहान, नीलम कुमारी ब्रजकिशोर,अवनीश मिश्रा सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## जीत का जश्न मना रहे भाजपा समर्थकों पर पथराव, युवक की मौत के बाद 4 पुलिसकर्मी निलंबित

**ए पी सिंह**

**प्रयागराज ( दैनिक समाचार पत्र )– उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जीत का जश्न मनाते समय पथराव की जद में आए भाजपा समर्थक की मौत हो गई है। अब इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में एक निरीक्षक समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। भाजपाइयों का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जीत का जश्न मनाने के दौरान हुए पथराव में सतीश चौहान की मौत हो गई। इस मामले को लेकर बहरिया थाने पर रविवार सुबह से रात तक भाजपा कार्यकर्ताओं के धरना देने और जिलाध्यक्ष के दबाव के बाद दरोगा समेत 10 नामजद और 25 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बहरिया थाना के मुबारकपुर गांव में शनिवार शाम को भाजपा के कार्यकर्ता जीत के जश्न में डीजे पर डांस कर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान एक पक्ष ने पथराव किया जिसमें सतीश चौहान ( 18 ) घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जिसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद से ही भाजपा कार्यकर्ता कार्रवाई की मांग करने लगे। इस बीच बहरिया के दरोगा संजय यादव ने दो भाजपाइयों को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि दोनों की थाने में पिटाई की गई। रविवार सुबह मामले ने तूल पकड़ लिया। भाजपाइयों का थाने पर जमावड़ा हो गया। मांग की कि पथराव के आरोपितों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो और लापरवाह पुलिस अफसरों पर कार्रवाई की जाए। दिनभर पुलिस टाल मटोल करती रही। शाम को गंगापार भाजपा जिलाध्यक्ष अश्विनी द्विवेदी ने थाने पर धरना और एडीजी को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ। भाजपा अनुसूचित मोर्चा वरुणा मंडल के अध्यक्ष सुनील सरोज ने बहरिया थाने में दरोगा संजय यादव, नेवादा गांव के राम आसरे, अमर सिंह, अरुण यादव, वीरेंद्र यादव, मिथिलेश यादव, शंकर लाल, रूपचंद्र और मुबारकपुर गांव के आलोक यादव अंकुर और 25 अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। उधर, एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि बहरिया कांड में लापरवाही मिलने पर थाना प्रभारी बहरिया रवि प्रकाश, दरोगा संजय यादव, सिपाही विकास उपाध्याय और दीन दयाल दुबे को निलंबित कर दिया गया है। इनके खिलाफ विभागीय जांच भी चल रही है।**

# रेल सुरक्षा बल ने एक लाख पचास हजार कीमत का अवैध गांजे के साथ दो गिरफ्तार किये

**रिपोर्ट- आरिफ खान**

झाँसी (अमर स्तम्भ) । पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी व मंडल सुरक्षा आयुक्त/रे.सु.ब. झॉसी के निर्देशन में आगामी होली त्योहार के मद्देनजर ट्रेनों में गॉजा तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान चलाया गया जिसके के तहत आज रविवार को डिटेक्टिव विंग टीम झांसी व जीआरपी झांसी द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 04 और 05 पर दो अन्तर्राज्यीय गॉजा तस्करों को पिट्ठू बैगों में कुल 14.912 किग्रा अवैध गॉजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पकडे गये अवैध गांजा की कीमत लगभग एक लाख पचास हजार रूपये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी होली के त्यौहार के चलते रेलवे स्टेशन में गॉजा तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान चलाया गया चैकिंग के दौरान अनिल कुमार उम्र तीस वर्ष व रोहित कुमार उम्र 19 वर्ष पर संदेह होने पर पूछतॉछ पूछताछ की गई अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि उन्हे यह गॉजा सिकन्दराबार तेलंगाना के एक अज्ञात व्यक्ति ने यह कह कर दिया कि उक्त पिट्ठू बैगों को हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) में रेलवे स्टेशन के बाहर ले जाकर एक व्यक्ति को देना है जो तुम्हें हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (दिल्ली) के बाहर से रिसीव करेगा तथा वह व्यक्ति तुमको बदले में मुनासिव धन देगा। गांजा देने वाले व्यक्ति के बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है और ना ही हम किसी के बारे में जानते हैं, हम लोग यह गॉजा लेकर दिल्ली जा रहे थे। ट्रेन में चैकिंग से पकड़े जाने के डर से वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर उतर गये थे परन्तु स्टेशन पर ही पकड़े गये। गिरफ्तार करने वाली टीम मे डिटेक्टिव विंग झांसी स0उ0नि0 जयप्रकाश यादव, प्र0आ0 विजय बहादुर राम, आर0 दीपक कुमार, आर0 अरुण सिंह राठौर, जीआरपी झांसी से उ.नि. गजराज सिंह, उ.नि. त्रिपुरेश कौशिक, प्र0आ0 माजिद खॉन, प्र0आ0 उपेन्द्र कुमार रहे।

## द कश्मीर फाइल्स को टैक्स फ्री करने की मांग

**रिपोर्ट- आरिफ खान**

झांसी (अमर स्तम्भ )। कश्मीर में कश्मीरी पंडितों के साथ हुए अत्याचार पर आधारित फिल्म द कश्मीर फाइल्स फिल्म को पूरे उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री करने की मांग को लेकर राष्ट्र भक्त संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा।

सोमवार को राष्ट्र भक्त संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अंचल अडजरिया के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री और राज्य पाल को भेजे गए ज्ञापन में बताया की कश्मीर में घटित हुई भीषड त्रासदी की सच्चाई को दर्शाती हुई फिल्म द कश्मीर फाइल्स को पूरे यूपी में टैक्स फ्री किया जाना चाइए। उन्होंने कहा इस फिल्म से हर हिंदू जनमानस सभी सच्चाई से बाखिफ होगा। गुजरात हरियाणा की तरह यूपी में भी इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जाए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

मैनपुरी/कुरावली।(दैनिक अमर स्तम्भ)बीते रविवार की रात्रि क्षेत्र में जैथरा मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नेम सिंह पुत्र खुशीराम तथा पुष्पेंद्र पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम तिगरा थाना जैथरा जनपद एटा घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

## दबंगों ने दी फसल नष्ट करने की धमकी

मैनपुरी/कुरावली।(दैनिक अमर स्तम्भ)क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा निवासी राजेश पुत्र रामप्रकाश ने सोमवार को थाना में तहरीर देते हुए बताया कि वह शाम को लगभग 6~00 बजे खेत से घर वापस लौट रहा था तभी रास्ते में चरण सिंह के पुत्र सत्येंद्र तथा विजेंद्र निवासी ग्राम नगला झम्मन ने आकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। राजेश ने विरोध किया तो आरोपियों ने गेहूं की फसल नष्ट करने की धमकी दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# लिधौरा कांड में पुलिस ने छह आरोपी समर्थको को किया गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अभिषेक बुन्?देला**

ललितपुर(अमर स्तम्भ) हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के बाद चुनावी रंजिशें अब पटल पर उभरकर आने लगी है । ऐसी ही एक चुनावी रंजिश के दौरान गांव में सपा समर्थकों ने गांव की भाजपा समर्थक पूर्व प्रधान और उनके पुत्रों पर घर में घुसकर हमला बोल दिया था । आरोप है कि पूर्व प्रधान भाजपा की समर्थक है और उन्होंने संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में सपा का समर्थन नहीं किया था इसलिए सपा समर्थकों ने उन पर और उनके परिजनों पर हमला बोल दिया था । इस हमले में करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे और दो गंभीर रूप से घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। पुलिस ने संगीन धाराओं में मामला पंजीकृत करते हुए करीब आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मड़ावरा थाना क्षेत्र के लिधौरा गांव में बीते दिनों हुई चुनावी रंजिश में घर में घुसकर की गई मारपीट के मामले में मड़ावरा पुलिस ने छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया गया है कि ग्राम लिधौरा निवासी हरजेन्द्र सिंह लोधी तथा उसका भाई सोने सिंह लोधी आदि का परिवार हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में राम का नाम लेकर भाजपा का समर्थन कर रहा था । लेकिन चुनावों के दौरान गांव के ही दबंग बहादुर सिंह जयसिंह, सुख सिंह, चंद्रभान, राजेंद्र सिंह, और तुलसी आदि सपा समर्थक थे और वह समाजवादी पार्टी के लिए वोट मांगने का काम कर रहे थे। दौरान उक्त तथाकथित दबंगों ने हरजद्र सिंह और सोने सिंह से सपा के पक्ष में मतदान करने की और करवाने की बात भी कही थी। लेकिन उन्होंने उक्त दबंगों की बात नहीं मानी और अपने और अपने परिवार जनों के साथ राम के नाम पर भाजपा को वोट दिया। जिसके बाद जब चुनावी रिजल्ट आया और सपा की करारी हार हुई । तब उक्त दबंग उससे रंजिश मानने लगे थे। आरोप है कि जब हरजिंद्र सिंह और सोने सिंह भाजपा की जीत की खुशी में अपने ही गांव में डीजे बुलाकर शनिवार को देर शाम जश्न मना रहे थे । तभी उनका विवाद बहादुर सिंह जय सिंह चंद्रभान के साथ एक दर्जन से अधिक सपा समर्थकों के साथ हो गया था। जिसके बाद इस घटना की सूचना तत्काल डायल हंड्रेड पुलिस को दी गई थी और डायल हंड्रेड पुलिस ने आकर गांव में शांति का माहौल कायम किया था। जिसके बाद रविवार को उक्त चुनावी रंजिश एक बार फिर पटल पर आ गई । जिसके चलते उक्त तथाकथित करीब एक दर्जन दबंग अपने हाथों में लाठी डंडा कुल्हाड़ी आदि लेकर अपने विपक्षी भाजपा समर्थक सोने सिंह के घर को समय घेर लिया जब परिवार के कई लोग फसलों की थ्रेसिंग करवाने के लिए खेत पर गए हुए थे। जिसके बाद उक्त सभी दबंगों ने घर में घुसकर वहां पर मौजूद सभी परिवारजनों के साथ जमकर गाली–गलौज कर लाठी डंडों से जनकर मारपीट की । घटना की सूचना परिवार के अन्य सदस्यों को मिली तो वह खेत से दौड़कर अपने परिजनों को बचाने आए तब दबंगों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी क्रूरता दिखाते हुए जमकर मारपीट की गई। इस मारपीट के दौरान उक्त दबंगों ने पीड़ित के घर पर रखे हुए 3000 नगदी पर भी हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस के साथ मनोहरलाल पंथ के पुत्र सुरेश पंथ के साथ तमाम भाजपा समर्थकों ने पीड़ितों के पक्ष में मड़ावरा थाने पहुंचे थे। इसके बाद थाना मड़ावरा पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया था। सोमवार को मड़ावरा प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व में जब उपनिरीक्षक दिनेश सिंह, राहुल कुमार, एचसीपी रणधीर सिंह चन्देल, कांस्टेबल अंकित सिंह क्षेत्र के भ्रमण पर थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि लिधौरा में मारपीट करने बाले आरोपी गांव में ही छिपे हुए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने अपने नाम रामकृपाल पुत्र देव सिंह, सूरन पुत्र भारत, राजभान पुत्र कोमल, राजेन्द्र पुत्र चन्द्रभान, बहादुर पुत्र आशाराम, सुनील पुत्र गजराज बताया।

# जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक कर जनपद के विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

## अधिकारियों को 31 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण करने के दिये निर्देश

## विभागों के बकाया विद्युत बिल भुगतान करने के दिये निर्देश

**अभिषेक बुन्देला**

ललितपुर(अमर स्तम्भ) जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में शासन द्वारा चिन्हित नवीन विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों के निर्धारित 37 प्रपत्रों पर समीक्षा बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के विकास कार्यों की बिंदुवार समीक्षा प्रारंभ की। इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि मसौरा क्षेत्र में स्थित हनुमान मंदिर में जीर्णाद्वार का कार्य एवं करकरावल में सुन्दरीकरण के तहत लोक निर्माण विभाग के सहयोग से कार्य कराया गया है। इसके अलावा पाली स्थित बंट में भी सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य कराया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि करकरावल में कराये गए कार्य का स्वयं सत्यापन करायें। सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद ललितपुर में 220 नहरों की टेलों तक रोस्टर के अनुसार पानी उपलब्ध कराया गया है, इसके अलावा वर्तमान समय में सहजाद एवं सजनम नदी द्वारा रोस्टर के अनुरुप टेल तक पानी पहुंचाने का कार्य कराया जा रहा है। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि विद्युत बिल बकाया भुगतान में शिक्षा, कृषि, जल निगम, स्वास्थ्य, प्रा0 शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा विभागों में विद्युत बकाया राशि सर्वाधिक शेष है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिन विभागों के विद्युत बिल शेष हैं, वह विद्युत विभाग के साथ सहयोग करते हुए बिल का भुगतान पूर्ण करायें। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं किसान कल्याण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूर्ण करें। निराश्रित गौवंशों की समीक्षा में बताया गया कि जनपद आश्रय स्थलों में लगभग कुल 36694 गौवंश संरक्षित हैं। साथ ही गौवंश सहभागिता योजना के तहत 5534 गौवंश सुपुर्द किये जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी गौवंश आश्रय स्थलों में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। साथ ही आश्रय स्थलों में गौवंशों की संख्या को अद्यतन रखें। आगामी त्यौहार के दृष्टिगत सड़कों पर विचरण करने वाले सभी गौवंश को आश्रय स्थलों में पहुंचाया जाए, इस कार्य में लापरवाही होने पर सम्बंधित के विरुद्ध सुसंगत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि सहभागिता योजना के वार्षिक लक्ष्य आई0सी0डी0एस0 तथा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से 31 मार्च 2022 तक पूर्ण करें। महिला कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कन्या सुमंगला योजना के बारे में बताया गया कि अब तक 3253 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनके सापेक्ष 2603 पात्र आवेदनों को अग्रसारित कर दिया गया है। इस पर निर्देश दिये गए कि कन्या सुमंगला योजना में जिन विभागों के स्तर से आवेदन लम्बित हैं वे विभाग लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जनपद में 89435 परिवारों के 447175 लाभार्थियों को योजना से आच्छादित किया गया है, साथ ही 127698 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाये जा चुके हैं। इसके अलावा टीकाकरण का कार्य लगातार किया जा रहा है। साथ ही दवाओं की उपलब्धता मानक के इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष जितने गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु शेष हैं, उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए। 102 एवं 108 एम्बुलेंस सेवाओं को निर्धारित समय पर लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए पंचायती राज विभाग के तहत ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 3815 सम्पत्तियों के सापेक्ष 3499 सम्पत्तियों का कायाकल्प कराते हुए 91.72 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर निर्देश दिये गए कि सामुदायिक शौचालय निर्माण का लक्ष्य इस वित्तीय वर्ष में पूण करा लें, साथ ही ऑपरेशन कायाकल्प में कार्य की प्राथमिकता के आधार पर धनराशि का सदुपयोग किया जाए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में रीबोर योग्य हैण्डपम्पों का सर्वे कराकर उनकी सूची तैयार कर उन्हें ठीक कराया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा के दौरान बताया गया कि योजना के तहत 20916 लाभार्थियों में से 18687 को प्रथम किशत, 15774 को द्वितीय किशत तथा 8386 को तृतीय किशत अवमुक्त की जा चुकी है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा 31 मार्च तक लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि योजना के तहत 8064 लाभार्थियों में से 8062 को प्रथम किश्त, 7980 को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है। माह तक 7548 आवास पूर्ण किये जा चुके हैं। इस पर जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि मड़ावरा एवं बिरधा में योजनान्तर्गत प्रगति लायें। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 1534 लक्ष्य के सापेक्ष 1541 स्वयं सहायता समूहों का गठन कर लिया गया है तथा 16181 परिवारों को योजना से आच्छादित किया गया है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी बार एवं बिरधा को निर्देशित किया गया कि योजनान्तर्गत सक्रियता के साथ कार्य करें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पानी की शिकायतें प्राप्त होने पर सम्बंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे लवकुश त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी डी0एन0 सिंह, जिला विकास अधिकारी के0एन0 पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जी0पी0 शुक्ला, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्रवीर यादव सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बसपा के नेता लालाराम का अपने ही सक्रिय कार्यकर्ता से बेहूदा बहस करने का ऑडियो शोशल मीडिया पर बारयल

**अभिषेक बुन्?देला**

ललितपुर(अमर स्तम्भ) जहां एक ओर हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की तूफानी जीत में बहुजन समाज पार्टी की धज्जियां उड़ती हुई दिखाई दीं तो अब वहीं दूसरी ओर अपनी पार्टी की हार से बौखलाए प्रदेश प्रभारी अपने ही कार्यकर्ताओं को कोसने में लगे हुए हैं । जिसका ऑडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है । वायरल ऑँडियो में प्रदेश प्रभारी लालाराम अहिरवार जनपद निवासी अपने ही कार्यकर्ता को भद्दी भद्दी गालियां देकर कोसने और देख लेने का काम कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक ऑडियो वायरल हुआ जिसमें बसपा का नाम लेकर एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को गालियां देकर खुश रहा है और देख लेने की धमकी भी दे रहा है। जब उक्त ऑडियो बसपा के कुछ कार्यकर्ताओं के संज्ञान में आया तब उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि वायरल ऑडियो में जो व्यक्ति रौबदार दिखाई दे रहा है और अपने विपक्षी को भद्दी भद्दी गालियां दे रहा है कोई और नहीं बल्कि बसपा सुप्रीमो मायावती के बहुत ही करीबी के रूप में जाने जाने वाले बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार हैं। जो जनपद के थाना जाखलौन के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी बसपा के सक्रिय कार्यकर्ता रामसिंह के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। बताया गया है कि रामसिंह बसपा की करारी हार से काफी क्षुब्ध है और शोशल मीडिया के प्लेट फार्म पर बसपा के खिलाफ कुछ टिप्पड़ियां लिखने का काम कर रहा है। इस बात से बौखलाए बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार ने फोन पर अपने कार्यकर्ता के साथ जमकर बहस करते हुए उसे बसपा के खिलाफ टिप्पड़ियां न लिखने की हिदायत देते हुए ललितपुर आकर देख लेने की धमकी भी दी।

## एस डी एम कॉलोनी के सुंदरीकरण व आदि कार्यों के लिए वरिष्ठ पत्रकार ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कराया अवगत

**रजनीश यादव ब्युरो रिपोर्ट**

**चित्रकूट।** .एस डी एम कॉलोनी कर्वी स्थित अधूरे पार्क के निर्माण कार्य को पूरा करने और नई बस्ती में विद्युतीकरण व करंट की लटकती केबल तारों को दुरुस्त कराने के लिए वरिष्ठ पत्रकार शंकर प्रसाद यादव ने जिलाधिकारी को पत्र सौंपा है, पत्र में उन्होंने अवगत कराया कि 1 साल पहले चित्रकूट विशेष प्राधिकरण द्वारा पानी की टंकी के पास पार्क का निर्माण कराया गया है इसमें अभी तक बाउंड्री वाल और घूमने के लिए पथ का निर्माण हुआ है इसके अलावा ना वहां पर कुर्सियां हैं न झूले लगाए गए हैं और न गेट लगाया गया है जिससे उसकी उपयोगिता साबित नहीं हो रही है , इसके अलावा उन्होंने बताया कि एसडीएम कालोनी में काफी दूर तक नई बस्ती बस गई है यहां सही ढंग से विद्युतीकरण नहीं है लोग लकड़ी के खंभे लगाकर दूर-दूर तक केबिल ले जाकर लाइट जला रहे हैं जिनसे खतरा बना रहता है इसके अलावा कई जगह खंभे लगे हैं लेकिन केबिल अभी तक नहीं लगाई गई ,गलियों में करंट दौड़ती केबिल लटक रही हैं कभी भी कोई हादसा हो सकता है निर्धारित प्रपत्र में अवगत कराया कि नगर पालिका विस्तारित क्षेत्र में एसडीएम कालोनी ,शोभा सिंह का पुरवा शामिल हो गया है लेकिन अभी यहां पर नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं की गई है गलियों में रोड लाइट की व्यवस्था नहीं है सफाई के अभाव में नालियां बज बजा रही हैं, ऐसी दशा में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था भी कराई जाए, इस पर जिलाधिकारी ने समस्या का समाधान शीघ्र कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है

## एक माह पूर्व पुलिस ने बरामद की अपहृत युवती न्यायालय में कि पेश।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

मौदहा हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से एक माह पूर्व मौदहा आने के बाद अपहरित किशोरी को पुलिस ने बरामद कर लिया है,जिसका न्यायालय में कलमबंद बयान होने के साथ ही डाक्टरी परीक्षण पुलिस करा रही है।इसी के बाद ही आगे कार्यवाही संभव हो सकेगी। यह जानकारी कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने दी।गौरतलब है कि कस्बे के निकट के एक गांव से नगर के कजियाना मोहल्ला से किशोरी के अपहरण होने की सूचना परिजनों ने पुलिस में दर्ज कराई थी, जिसमें परिजनों ने बीती 8 फरवरी को कोतवाली पुलिस में यह सूचना दर्ज कराई थी कि कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी फहीम व मतीन के सहयोग से यहीं के युवक फैज ने उक्त किशोरी का अपहरण किया था। इस संबंध में दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हो चुकी है। फिलहाल इस संबंध में किशोरी के अदालती बयान होने के बाद ही आगे कार्यवाही संभव है।

## सीसीटीवी फुटेज के सहारे रंगे हाथ पकड़ा गया बैटरी चोर किया गया पुलिस के हवाले।

**मौदहा हमीरपुर**- नगर की एक दुकान में लगातार बैटरी चोरी कर रहे युवक को दुकानदार ने सीसीटीवी फुटेज के सहारे रंगे हाथ चोरी की बैट्रियों के साथ रंगे हाथ पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम तिन्दुही निवासी ब्रज किशोर पुत्र दयाराम नगर के सरकारी बस स्टैंड के समीप बैटरी की दुकान किये हुए हैं पिछले एक सप्ताह में उसकी दुकान से तीन बार चोरी होने पर उसने चोर को पकड़ने की मंशा से अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। रविवार की रात चोर ने उसके दुकान का पुन: ताला तोड़ बैट्रियां चोरी की कर ले गया। सुबह ब्रज किशोर ने सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरी करने वाले युवक का अनुमान लगा लिया। सोमवार की दोपहर जब उक्त चोर युवक ई रिक्शे में चोरी की बैट्रियां बेचने जा रहा था तभी ब्रजकिशोर ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मुफीद उर्फ बबुआ निवासी रागौल बताया है। ब्रज किशोर ने पुलिस को बुलाकर मुफीद को उनके हवाले कर दिया बृज किशोर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप उक्त चोर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## खेतों में फसल की कतराई कर रहे युवक का हाथ थ्रेसिंग में फसने से गम्भीर रूप से हुआ घायल केजीएम लखनऊ में भर्ती।

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र में फसलों की कटाई व मड़ाई का कार्य गति पकड़े है।इसी क्रम में कल सिसोलर गांव निवासी एक मजदूर जब थ्रेसिंग का कार्य करा रहा था तभी उसका पूरा हांथ थ्रेसर से कट गया,जिसे आनन फानन जिला अस्पताल हमीरपुर फिर कानपुर और इसी के तत्काल बाद लखनऊ के केजीएम अस्पताल ले जाया गया।जहां आनन फानन चिकित्सकों ने उसका आपरेशन किया और फिलहाल उसे खतरे से बाहर बताया गया, जबकि बांए कंधे सहित पूरा हांथ व हृदय के ऊपर का मांस क्षतिग्रस्त हो गया था।गांव निवासी मजदूर कल्लू 65 पुत्र लइया मजदूरी कर अपना परिवार चलाता है, वह गांव निवासी शिवबालक के खेत में लाही सरसों की फसल में थ्रेसिंग कराने गया था,तभी उसके साथ यह बड़ा हादसा हो गया।भला हो गांव प्रधान प्रतिनिधि विजय शंकर प्रजापति का, कि उन्होंने तत्परता दिखाते हुए अपने निजी गाड़ी से बिना समय व्यर्थ किए जिला अस्पताल हमीरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद ही कानपुर के हैलट अस्पताल से चिकित्सकीय मदद लेने के साथ ही लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका आनन फानन आपरेशन शुरू किया,तब कहीं उसकी जान बची।चिकित्सकों ने उसकी हालत ठीक बताई है लेकिन अभी हृदय संबंधी कई जांचें होना बांकी हैं।

## अल्लाह की राह पर जिहाद से कतराने वाले को जहन्नुम में जाना ही होगा- मुस्तकीम फारूकी

मौदहा।हमीरपुर।कस्बे के रहमानियाँ कालेज में दरसे कुरआन हुआ। जिसमें एडवोकेट मुस्तकीम फारूकी ने सुरेह तौबा(9)की आयात 80से 90तक का अपना हासिल मताला पेश किया।जिस में अल्लाह उन लोगों के बारे में बताते हैं जो अल्लाह की राह में जिहाद करने से जी चुराते हैं और तरह तरह के झूठे बहाने बनाते हैं!और रसूल ह्य्ड्ड2 से जिहाद में न जाने की मोहलत मांगते हैं,इनके बारे में अल्लाह फरमाते हैं कि ये लोग जिहाद को निकलने की जगह घर बैठने पर खुश होते हैं और दूसरे को भी ज्यादा गर्मी के बहाने से रोकते हैं,इनको पता ही नहीं कि जहन्नम की गर्मी इससे कहीं ज्यादा है जहां इनको रहना ही होगा क्यों कि इन्होंने अल्लाह और रसूल का साथ देने से मुंह चुराया।अगर इन को अपने अंजाम की खबर होती तो ये हंसते कम और रोते ज्यादा।फिर फरमाया कि जब अल्लाह तुम को इस जंग(तबूक) से वापस लाए और फिर तुम किसी और जिहाद पर निकालना तो ये लोग जो आज तुम्हारे साथ नही निकले ,इनको हरगिज़ साथ न लेना यहां तक की अगर इन नफरमानो में कोई मर भी जाए तो न आप इनकी नमाज़ जनाजा पढ़ो और न इनकी कब्रों पर खड़े भी हो।क्यों कि ये अल्लाह और उसके रसूल की अवज्ञा(ना फरमानी) करने वाले फासिक लोग हैं इनको भी काफिरों के साथ गिना जाएगा!अल्लाह और रसूल के सच्चे मानने वाले तो वही लोग हैं जो अपने माल और अपनी जानों से अल्लाह के दुश्मनों से जिहाद करते हैं,इन्हीं के लिए अल्लाह का जन्नत देने का वादा है!

## कोलगदहिया में प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण

**रजनीश यादव ब्युरो रिपोर्ट**

2022/03/14 11:27

**चित्रकूट।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के संकुल खोह के अंतर्गत विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व माध्यमिक विद्यालय कछार पुरवा में संपन्न हुआ जिस के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट एवं ग्राम प्रधान कोलगदहिया मे संपन्न हुआ उपस्थित समस्त सभी सदस्यों को प्रशिक्षण में एनपी सिंह खंड शिक्षा अधिकारी ने उनके कार्य संरचना कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व सोशल ऑडिट वित्तीय जिम्मेदारियां जन पहल रेडियो कार्यक्रम विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा हेतु कार्य की जानकारी दी गई इसके परिणाम स्वरूप विद्यालय प्रबंध समिति अपनी भूमिका एवं उत्तर दायित्व का निर्वहन अधिक प्रभावी ढंग से करें खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि 6 से 14 वर्ष के बच्चों का विद्यालय में प्रवेश अनिवार्य रूप से नि:शुल्क शिक्षा के अंतर्गत कराया जाए , विद्यालय न जाने वाले बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजा जाए मध्यान भोजन की नियमितता ,दिव्यांग बच्चों का नामांकन ,अध्यापकों की उपस्थिति ,विद्यालय को मिलने वाले अनुदान कंपोजिट ग्रांट एवं विद्यालय विकास कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जाएं तथा 3 वर्ष के लिए विद्यालय विकास योजना बनाना प्रत्येक माता-पिता का नैतिक कर्तव्य है कि वह विद्यालय बच्चों को नियमित भेजें पंचायत विभाग के सफाईकर्मियों के द्वारा विद्यालय की सफाई सुनिश्चित करना विद्यालय के आसपास साफ-सफाई रखी जाए क्षेत्र के सभी बच्चों को विद्यालय भेजना विद्यालय में अनुपस्थित बच्चों की सूची बनवाना विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा पठन-पाठन में सहयोग एवं निगरानी करना विद्यालय में गणित और विज्ञान किट का उपयोग किया जाना बाल अधिकार की निगरानी करना समन्वय संबंधी दायित्वों के विद्यालय स्तर पर लागू करना विद्यालय प्रबंध समिति के निर्माण का कार्यसमिति का कर्तव्य करना वित्तीय अभिलेखों का रखरखाव करना कैसे बिल वाउचर चेक निर्माण रजिस्टर रोकड़ बही अग्रिम भुगतान रजिस्टर स्टाक पंजी का संपत्ति योजनागार्ड फाइल की विविध प्रपत्र रखना शासन द्वारा निर्धारित 19 पैरामीटर्स को पूरा करना मध्यान भोजन की गुणवत्ता एवं नियमित वितरण विद्यालय सुरक्षा एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण बालिका शिक्षा निपुण भारत योजना हाउसहोल्ड सर्वे इत्यादि के बारे में खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट में बैठक में निर्देश दिया तथा कहा कि बाल अधिकार में स्वच्छ पेयजल बच्चों को गर्म पका पकाया मध्यान भोजन शारीरिक एवंमानसिक प्रताड़ना पर रोक विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों के लिए विशेष शिक्षा सहायक सामग्री विद्यालय में जाति वर्ग धर्म अथवा लिंग आधारित दुर्व्यवहार भेदभाव रहित वातावरण का निर्माण करना विद्यालय में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण करना इत्यादि कार्यों के बारे में जानकारी दें साथ ही संकुल शिक्षक विद्यासागर सिंह ने समस्त शिक्षकों को बताया कि शासन की मंशा रूप प्रेरणा लक्ष्य प्रेरणा तालिका लेसन प्लान शिक्षक डायरी पूरी तरह से कंप्लीट होना चाहिए शासन के अनुसार इनका पर्यवेक्षण समय समय पर किया जाता है ग्राम प्रधान प्रेम नारायण सिंह ने सुझाव दिया कि विद्यालय की साफ-सफाई हेतु सफ़ाई कर्मी नियमित विद्यालय आए तथा विद्यालय की सफाई करें अगर इसमें किसी प्रकार की समस्या हो तो मुझे सूचित करें साथ ही उन्होंने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय कछार पुरवा एवं प्राथमिक विद्यालय कछार पुरवा की विद्यालय विकास योजना तैयार हो गई है जिसको 3 वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा आए हुए अतिथियों का स्वागत पूर्व माध्यमिक विद्यालय कछार पुरवा के प्रधानाध्यापक श्रीमती उषा रानी त्रिपाठी रचना यादव एवं सुशील पांडे ने किया इस मौके पर निर्वाचित सदस्य महेश सिंह यादव ने कहा की विद्यालय विकास में किसी भी प्रकार की यदि समस्या आ रही हो तो मुझे अवगत कराएं मैं हर समय विद्यालय की सेवा के लिए तत्पर रहूंगा प्रशिक्षण मेंआई हुई तमाम महिलाओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किया विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष चुनवा प्रसाद ने कहा की यह विद्यालय कंपोजिट होने की स्थिति में नहीं है इसको इससे बाहर रखा जाए नहीं तो कभी भी किसी भी वक्त कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है यहां पर बहुत बड़े-बड़े ट्रक डंपर 24 घंटे निकलते हैं , इस मौके पर प्रधानाध्यापक ऊषारानी त्रिपाठी ,रचना यादव ,सुशीला पांडेय, विद्यासागर सिंह, सरला सिंह ,गरिमा सिंह, ममता देवी, गीतांजलि देवी ,सोनू गौतम, प्रियंका द्विवेदी, सियाराम सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के उषा देवी गुड़िया देवी राजकुमारी उमा देवी दिलीप रामचंद्र लालमणि गंगासागर रामप्यारी नफीस इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## निर्माणाधीन स्टेडियम में बिजली का काम करने वाले युवक की करंट लगने से हुई मौत।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता के साथ महेश कुमार**

**श्रीवास तहसील संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

**राठ हमीरपुर।** नगर के पठानपुरा मुहाल में स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम में बिजली का काम करने वाले एक व्यक्ति की करंट के चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार बाँदा जनपद के सिन्धन कला गाँव का निवासी ललित पुत्र सुरेश नगर के पठानपुरा मुहाल में स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम में बिजली का काम करता था।आज दिन में वह लोहे की सीढ़ी लेकर जा रहा था। तभी ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के तार से सीढ़ी में करंट आ गया। जिससे करंट की चपेट में आने से ललित की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक के चचेरे भाई राकेश ने ललित बिजली का प्राइवेट काम कर अपने परिवार की गुजर बसर में सहयोग करता था।

## व्यवसायिक उपभोक्ताओं को बिजली विभाग बेंच रहा है चोरी से बिजली।

**राठ हमीरपुर।** बिजली विभाग द्वारा आम उपभोक्ता का उत्पीड़न कर ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी से व्यवसायिक विद्युतापूर्ति किये जाने की बात उपभोक्ताओं के बीच सुनाई दे रही है।ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों के अंदर चोरी से चक्की, स्पेलर आदि को बिजली दिये जाने पर काफी रोष दिखाई दे रहा है और ग्रामीणों का कहना है कि उनके नलकूप को लेकर उनका उत्पीड़न किया जाता है। सरीला क्षेत्र के पहरा, अमूंद, चण्डौत आदि सहित करीब आधा दर्जन गांवों में व्यवसायिक बिजली उपभोक्ताओं को चोरी से बिजली सप्लाई किये जाने की बात ग्रामीणों के अंदर रोष पैदा किये हैं। ग्रामीणों का कहना है अमूंद फीडर और खेड़ा शिलाजीत फीडर से भारी मात्रा में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यासायिक उपभोग के लिए चोरी से बिजली बेंची जा रही है जबकि उनके नलकूपों के नाम पर उनका उत्पीड़न बिजली विभाग द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग एक तरफ चोरी से बिजली बेच रहा है और दूसरी तरफ उसकी भरपाई किसानों और आम उपभोक्ताओं से की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में संचालित आटा चक्की और स्पेलर आदि भारी मशीनों को विद्युत विभाग द्वारा धड़ल्ले से अवैध कनेक्शन देकर चोरी से बिजली आपूर्ति की जा रही है और हर महीने एक निर्धारित रकम बसूली जा रही है।ग्रामीणों ने बताया कि अवैध कनेक्शन के संचालित होने से उन्हें काफी नुकसान है चोरी गई बिजली की भरपाई उनके बिलों से विद्युत विभाग करता है और आयेदिन ट्रांसफार्मर फुंकने तथा तार टूटने जैसी समस्याओं का सामाना ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि सिंचाई के समय उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती और उन्हें बिजली आपूर्ति कर मनमाने तरीके से विद्युत बिल दिये जाते हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि चोरी से बिजली आपूर्ति के खेल में विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सभी शामिल है।अधिकारियों के इशारों पर फीडर पर तैनात कर्मचारी चोरी से बिजली आपूर्ति करने को बाध्य हैं।

## चाचा चाची ने किया था भतीजे की निर्मम हत्या पुलिस ने दोनों आरोपियों को भेज जेल

**चित्रकूट।** चित्रकूट में 8 साल के मासूम बच्चे का चाचा चाची ने मिलकर किस बेरहमी से मारकर शव के तीन टुकड़े कर ड्रम में रखा था जब इसकी वजह जब हत्यारोपियों ने बताई तो लोगों की रूह कांप कर रह गई। दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है और बताया कि उन्होंने गड़ा धन पाने की लालच में बच्चे की हत्या की है। पुलिस का कहना है कि बच्चे के चाचा व चाची ने अपना जुर्म कबूल किया है।

दोनों ने बताया है कि बच्चे की हत्या तंत्र-मंत्र के चक्कर में की। पहले उसे पत्थरों से मारकर उसकी हत्या की। फिर काटकर ड्रम में भर दिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि हत्या के मुख्य आरोपी भुल्लू और उसकी उर्मिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। कहा कि आरोपियों ने बताया कि जमीन में गढ़ा धन पाने की चाह में तंत्र-मंत्र करते हुए बच्चे की बलि दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति-पत्नी निसंतान हैं। घटनास्थल से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ईंट बरामद की गयी । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से कड़ाई से पूछताछ की गयी तो अभियुक्त भुल्लू उर्फ जरैला उपरोक्त ने बताया कि दीपावली के समय मुझे स्वप्न आया था कि मेरे घर में 3 हंडा धन गड़ा है,यदि सम्भावित स्थान पर पूजा पाठ कर किसी नाबालिक की उस स्थान पर बलि दी जाये तो वह धन प्राप्त किया जा सकता है। इस बात पर सही गलत का विचार किये बिना मैं व मेरी पत्नी लालच में आ गये और तभी से उपरोक्त क्रिया करने की फिराक में थे कि 08.मार्च को अपने पड़ोसी व रिश्ते में भाई रामप्रयाग रैदास के 8. बर्षीय बालक को अकेला पाकर चिन्हित स्थान पर लाकर बालक को ईंट से मारकर बच्चे की लाश को छिपाने के उद्देश्य से डिब्बे में भर दिया था ।

बालक की बरामदगी के सम्बन्ध में पुलिस के लगातार प्रयास व आवागमन के कारण शव को ठिकाने नहीं लगा पाया था । बताते चलें कि राघवपुरी सीतापुर निवासी रामप्रयाग का बेटा कंहैया (8) गांव के ही एक सरकारी स्कूल में कक्षा तीन का छात्र था। वह चार भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। शनिवार की देर शाम को कंहैया लापता हो गया था। शनिवार को उसका शव उसीके घर के पीछे रहने वाले रिश्ते के चाचा भुल्लू उर्फ जरैला के घर के अंदर एक ड्रम में मिला था। परिजनों ने शव के तीन टुकड़े किए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था।

पुलिस ने शव की हालत देखे बिना ही उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। देर रात लगभग दो बजे तक बवाल चला रहा। रविवार को तीन डॉक्टरों के पैनल ने कंहैया के शव का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। इसके बाद परिजनों ने कंहैया का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान पोस्टमार्टम हाउस व अंतिम संस्कार स्थल पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कंहैया के पिता की तहरीर पर भुल्लू उर्फ जरैला, उसकी पत्नी, भाई राकेश, बउआ व जगदीश के अलावा जगदीश के बेटे लल्लू के खिलाफ अपहरण, हत्या, एकराय होकर मारपीट करने व शव छिपाए जाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

## होली पर्व को लेकर खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों की छापेमारी की।

राठ हमीरपुर। होली पर्व के मद्देनजर आज एसडीम व सीओ के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम ने नगर की मिठाई की दुकानों, डेयरी व किराना की दुकानों में छापेमारी की।इस दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया और वे अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर भाग खड़े हुये। आज एसडीएम सुरेश कुमार मिश्रा व सीओ अभय नारायण राय के नेतृत्व में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने नगर के कृष्णा स्वीट,मोना डेयरी सहित आधा दर्जन मिठाई, डेयरी व किराना की दुकानों में छापेमारी कर संदिग्ध खाद्य सामग्री का सैंपल भरा।इस दौरान मामा स्वीट व डेयरी के मालिक अपने प्रतिष्ठान में ताला लगा कर भाग गये।काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब उक्त प्रतिष्ठान नहीं खोला गया तो अधिकारियों ने उसे सीज करने का मन बनाया।तब तक अधिकारी खासे परेशान रहे।जिसको देखते हुये अन्य व्यक्ति द्वारा के चाबी भेजकर कुछेक कमरों का ताला खोलकर सैम्पल भराये गये।वहीं सीओ अभय नारायण राय ने सजगता दिखाते हुये संदिग्ध दिखने वाली जगहों की गहनता से छानबीन की और कुछ संदिग्ध वस्तुओं को देखकर अलग से कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान खाद्य विभाग के डी0ओ0 रामऔतार सिंह, एफएसओ आर0के0 निरंजन,खाद्य संरक्षक अधिकारी नंदराम गुप्ता, मुख्य खाद्य निरीक्षक मनीष कुमार जायसवाल व संजय सिंह आदि सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## महंगाई का झटका, चाय और कॉफी 14 फीसदी तक महंगी हुई

हिंदुस्तान यूनिलीवर ने अपने कई प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ा दिए हैं। कंपनी ने ब्रू कॉफी पाउडर के दाम में 3-7 फीसदी तक की बढ़ोतरी की है। ब्रू गोल्ड कॉफी जार की कीमत में 3-4 फीसदी तक की तेजी आई है। ब्रू इंस्टैंट कॉफी पाउच की कीमत में 3-6 ।6 फीसदी की तेजी आई है। ताजमहल चाय की कीमत में 3 ।7-5 ।8 फीसदी तक की तेजी आई है। ब्रूक बॉन्ड 3 की कीमत में 1 ।5 फीसदी से 14 फीसदी तक की तेजी आई है। कीमत में बढ़ोतरी को लेकर कंपनी की तरफ से कहा गया कि महंगाई का दबाव बढ़ रहा है। इसके बावजूद कंपनी ने कंज्यूमर्स को ध्यान में रखते हुए कीमत में बढ़ोतरी की है। फरवरी महीने में हिंदुस्तान यूनिलीवर ने दो बार कीमत में बढ़ोतरी की थी। डिटर्जेंट पाउंडर और साबुन के दाम फरवरी में दो बार बढ़ी थी और इसकी कीमत में 9 फीसदी तक का उछाल आया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर ने फरवरी में लाइफबॉय, लक्स और पीयर्स साबुन के अलावा सर्फ एक्सेल मैटिक, कम्फर्ट फैब्रिक कंडीशनर, डव बॉडी वॉश जैसे ब्रांडों की स्टॉक कीपिंग यूनिट्स की कीमतों में और बढ़ोतरी की थी।

## निशुल्क टेबलेट पाकर खिले युवाओं के चेहरे, छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का किया धन्यवाद।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता के आकाश व्यास तहसील संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

अभिनव प्रज्ञा महाविद्यालय
सरीला - हमीरपुर

सरीला (हमीरपुर)- जनपद के सरीला कस्बा स्थित अभिनव प्रज्ञा परास्नातक महाविद्यालय सरीला में उत्तर प्रदेश सरकार की योजना छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट / स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे एम ए फाइनल ईयर के सभी छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में टैबलेट वितरित हुए। महाविद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह राजावत एवं प्रवक्ताओं ने छात्र छात्राओं को टेबलेट देकर उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओ को तकनीकी से जोड़ने वाली इस योजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार व मुख्यमंन्त्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद व्यक्त किया तो वहीं टेबलेट पाकर छात्र छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार का व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय में एम ए अंतिम वर्ष के छात्र - छात्राओं में प्रीति वर्मा, सद्दाम, अनीता, निधि गुप्ता, नेहा यादव, सुनील सहित टैबलेट पाने वाले सभी छात्र छात्राओं ने ख़ुशी जाहिर की। इस मौके पर प्रवक्ता विपिन, क्लर्क सुरेश चंद्र, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

## स्मार्ट फोन पाकर बच्चो के खिले चेहरे।

छानी/हमीरपुर।। अभिनव प्रज्ञा परास्नातक महाविद्यालय लोदीपुर निवादा मे उत्तर प्रदेश सरकार की योजना छात्र छात्राओं को निशुल्क टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के तहत महाविद्यालय में अध्ययन कर रहे बी ए फाइनल ईयर के सभी छात्र छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय परिसर में स्मार्टफोन वितरित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में आए श्री कृष्ण राज मंदिर इंटर कॉलेज छानी हमीरपुर के प्रधानाचार्य आदर्श कुमार व्यास व विद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवमंगल तिवारी ने छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन देकर उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओ को तकनीकी से जोड़ने वाली इस योजना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार व मुख्यमंन्त्री योगी आदित्यनाथ को ध्न्यवाद व्यक्त किया तो वही स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं ने उत्तर प्रदेश सरकार का व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।। महाविद्यालय में बी ए अंतिम वर्ष के छात्र, छात्राओं में तान्या शिवहरे,आकांक्षा सिंह, बुलबुल,साधना, राहुल, प्रदीप सिंह सहित सभी छात्र छात्राओं ने ख़ुशी जाहिर की। इस मौके पर प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह,रामविलास, पारुल, आनंद कुमार, अमित उपस्थित रहे।।

## अधेड़ ने की फांसी लगाकर आत्महत्या।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता के साथ ओमप्रकाश यादव तहसील संवाददाता अमर स्तंभ।**

**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बहपुर गांव में बीती शाम अधेड़ व्यक्ति ने अपने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम बहपुर निवासी रामपाल ने बताया कि वह व उसका बड़ा भाई राधेश्याम (55)पुत्र हरप्रसाद भूमिहीन होने के कारण इटावा में ईंट भट्ठे पर परिवार सहित मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे ।पारवारिक कलह के चलते विगत सात मार्च को राधेश्याम परिजनों को छोड़कर गांव आ गया ।जहां उसने बीती रविवार की शाम सुने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।खिड़की द्वारा ग्रामीणों द्वारा उनके फंदे पर लटके होने की सूचना उसे व पुलिस को दी गयी। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित चार विवाहित व तीन अविवाहित पुत्रियों के साथ दो पुत्रों को रोता विलखता हुआ छोड़ गया है ।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जहरीली शराब से युवक की हालत बिगड़ी

**राठ हमीरपुर।** मझगवां थाना के ग्राम इटौरा निवासी सचिन (20)पुत्र रमेश की अत्याधिक शराब पीने से बीती शाम हालत बिगड़ गयी ।जिसे इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया ।जहां ग्रामीणों ने बताया कि उसने गन्ने से बनने वाली जहरीली शराब पी ली थी।

## चेयरमैन संतोष खरवार ने किया 150 स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन

पीडीडीयू नगर मे एक करोड़ चौदह लाख के टेंडर से बने 150 आप्टा बोनल स्ट्रीट लाइट का नगर पालिका परिषद के चेयरमैन संतोष खरवार व समाजसेवी सतीश जिंदल ने संयुक्त रूप से स्टार्टर का बटन दबाकर जीटी रोड स्थित गुरुद्वारे के पास उद्घाटन किया। ज्ञात रहे कि 65 बोनल स्ट्रीट लाइट नए मॉडल का प्रथम चरण में सुभाष पार्क से लेकर चंदासी पुलिस चौकी तक जीटी रोड के किनारे लगाया गया है जिससे जीटी रोड लाइट से जगमगाती रहेगी। होली के पश्चात दूसरे चरण में बचे हुए 85 स्ट्रीट लाइट अलीनगर नहर से लेकर कन्हैया टॉकीज के जीटी रोड के किनारे लगाया जाएगा सभी पोल खम्मा लाइट का तार अंडर ग्राउंड है। टाइम फिक्स होने के कारण प्रतिदिन शाम को समय से अपने आप चालू हो जाएगा और सुबह समय से अपने आप सभी पोल लाइट बंद हो जाएगा। ज्ञात हो कि यह पूरे पूर्वांचल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में पहली बार चेयरमैन के प्रयास से ऐसी लाइट लगाई गई है ।उद्घाटन के शुभ अवसर पर सुनील विश्वकर्मा , श्रवण यादव, महेंद्र पटेल , चंद्रकांत तिवारी, विकास सिंह, वीरू रावत तथा सभी सभासद गण, सरदार कुलदीप सिंह, सुनील श्रीवास्तव, रंजन शाह, ऋषि चौहान, अजय गुप्ता मानु, मीडिया प्रभारी गायक अशोक सिद्धार्थ केशरवानी सहित कई सम्मानित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## न्यायिक अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई क्रीड़ा प्रतियोगिता-28वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह सम्पन्न।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

**हमीरपुर ब्यूरो।** ।जनपद में 14 मार्च को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 28 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। 28 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ नागेंद्र नाथ यादव अपर जिला अधिकारी न्यायिक हमीरपुर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ वंदना राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा मौजूद रहीं। 28 वां वार्षिक कीड़ा समारोह के प्रभारी एवं शारीरिक प्राध्यापक डॉ धीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि क्रीड़ा समारोह में कुर्सी दौड़, प्रक्षेपण , बैडमिंटन, टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुई। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजकुमार ने बताया कि 14 मार्च को 28 वां वार्षिक कीड़ा समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती प्रतिमा में माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। शारीरिक प्राध्यापक डॉ धीरेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कॉलेज की सैकड़ों छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें लम्बी कूद प्रतियोगिता में पूर्णिमा पुत्री कमलेश कुमार बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही विनीत पुत्री रंजीत सिंह बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। और करिश्मा पुत्री संजय निषाद बीए तृतीय वर्ष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही बताया कि खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राएं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। और खेल प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र से बड़े बड़े पदों पर भागीदारी सुनिश्चित करते हैं।

## घर में घुसकर मारपीट और फायरिंग करने पर हुई कार्रवाई

आकाश कुमार/ब्यूरो उन्नाव उन्नाव ।( अमर स्तम्भ ) । उन्नाव सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैननगर मोहल्ला में बीते शनिवार शाम हुई मारपीट व फायरिंग के बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर पीड़ित पक्ष के साथ दर्जनों लोग एसपी आवास पहुंच गए । जहां पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए शिकायती पत्र दिया । इसके बाद एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सदर कोतवाली प्रभारी को फटकार लगाई । पुलिस ने देर रात पीड़ित से शिकायती पत्र लेकर प्रधान समेत आठ नामित व अन्य पर केस दर्ज किया है । मामले में नामजद आरोपियों के घर देर रात दबिश भी दी । सदर कोतवाली के हुसैननगर मोहल्ला के रहने वाले राम प्रसाद ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि 12 मार्च को आरोपित प्रधान शिव नारायण टंडन ग्राम प्रधान और उसका बेटा, विशाल तथा शत्रुघ्न, अमन पुत्र सुनील टंडन, विपिन, राम कुमार, शमशुद्दीन कोटेदार व अन्य लोगों ने घर पर चढ़ाई कर दी । दरवाजा तोड़कर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी । इसकी शिकायत की, लेकिन सदर कोतवाली पुलिस ने उसकी नहीं सुनी । गुस्साए परिजन और ग्रामीण एसपी आवास का घेराव किया और हंगामा काटा । पुलिस अधीक्षक ने त्रिपाठी ने परिजनों को आश्वासन दिया था कि आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । उधर एसपी ने इंस्पेक्टर कोतवाली ओपी राय को फटकार लगाई और मुकदमा दर्ज करने की बात कही । हरकत में आए इंस्पेक्टर कोतवाली ने पीड़ित से तहरीर लेकर आरोपितों पर मारपीट समेत आधा दर्जन से अधिक धाराओं में केस दर्ज किया । मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी घरों से भाग गए हैं । देर रात पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर दबिश भी दी है ।

# वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में कासगंज पुलिस को मिली एक और सफलता।

## थाना सोरों पुलिस ने 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

**सुनील कुमार जिला संवाददाता।**

कासगंज। (दैनिक अमर स्तंभ) पुलिस अधीक्षक रोहन प्रमोद बोत्रे के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में जनपद के सभी थानों में वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.0.2022 को थाना सोरो पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना पर 02 वांछित अभियुक्त 1. नन्द किशोर पुत्र बालिस्टर 2. लल्ला उर्फ हरिनन्द पुत्र बालिस्टर निवासीगण मीरापुर थाना सोरो जनपद कासगंज सम्बन्धित मु0अ0सं0 434/21 धारा 147/323/332/353/504/506 भादवि व 21/4 खनन अधि0 व 3/5 सम्पत्ति नि0 अधि0 को जय अम्बे गैस्ट हाउस से करीब 100 मीटर आगे सहावर रोड कस्वा सोरों से समय करीब 15.10 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण को जेल भेजने की विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–

ज़ नन्द किशोर पुत्र बालिस्टर निवासी मीरापुर थाना सोरो जनपद कासगंज

ज़ लल्ला उर्फ हरिनन्द पुत्र बालिस्टर निवासी मीरापुर थाना सोरो जनपद कासगंज

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. स।ह डी.के. सिसौदिया
2. स्स्ढ श्री प्रेमपाल
3. का0 117 शिवकुमार व
4. का0 811 सौरभ कुमाार।

## होली पर्व को लेकर क्षेत्राधिकारी ने की पीस कमेटी की बैठक।

**सुनील कुमार जिला संवाददाता।**

कासगंज। (दैनिक अमर स्तंभ) जनपद के कस्बा सहावर में आगामी पर्व होली को लेकर सहावर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान ने की। इस दौरान क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिक बैठक में उपस्थित रहे इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने होली पर्व को लेकर कहा कि सभी लोग होली का पर्व शांति के साथ मनाएं। भेदभाव न करें, लड़ाई झगड़े से दूर रहें, भाईचारा कायम रखें, होली के रंग को प्यार का रंग समझें। होली पर सामंजस्य कायम रखे असामाजिक तत्व एवं हुडदंगियों पर पुलिस की रखी जायेगी पहनी नजर ढ्ढ अव्यवस्था करने वालों के साथ शक्ति से पेश आया जाएगा।प्रशासन ने नगर में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए नगर के लोगों से सहयोग की अपील की। इस दौरान , एसएसआई जय वीर सिंह, एसआई आशीष कुमार, एसआई, सत्य बिहारी ,कॉन्स्टेबल पवन प्रताप सिंह, पुष्पेंद्र सोलंकी, ललित राणा, जनता गण, जावेद खान, आकाश, मानू, डॉ आनंद किशोर भूदेव, आदि लोग शामिल रहे

## एआरटीओ आफिस में सीडीओ का औचक निरीक्षण

**आकाश कुमार/ब्यूरो उन्नाव**

उन्नाव ।( अमर स्तम्भ ) । एआरटीओ आफिस में सीडीओ का औचक निरीक्षण। एडीएम, एसडीएम और सीओ सिटी के साथ की छापेमारी। बिना दलालों के कोई काम न होने की शिकायत पर की छापेमारी। एआरटीओ आफिस के अंदर से तीन लोग पकड़े गए। एआरटीओ आफिस में सिंडिकेट चलाने वाले सभी दलाल भागने में सफल। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में कैश भी बरामद। अकाउंट आफिस में कैश का मिलान करवा रहे अधिकारी। सीडीओ दिव्यांशु पटेल एआरटीओ से भी पूछ ताछ की गई है। एआरटीओ प्रशासन तहरीर दे रहे हैं गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। सीडीओ दिव्यांशु पटेल ने बताया है कि बिना दलालों के कोई काम न होने की शिकायत मिल रही थी जिसपर छापेमारी की गई जिसमें तीन लोग पकड़े गए है। दो लोग सर्वे रूम से पकड़े गए हैं सभा तुमसे पकड़ा जाना बहुत गंभीर और गैरकानूनी है। एआरटीओ प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए जा रहे है। बताया कि ऐसे लोग जो दबंगाई दिखा रहे है उन पर वो खुद तहरीर देकर सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कराय। कैश काउंटर पर कैश का मिलान किया जा रहा है दो दिन पूर्व का कोई विवरण उपलब्ध नही निकल के सामने आ रहा है। और अगर ये विवरण नही दे पाती है तो एआरटीओ प्रशासन पर भी कार्यवाही की जाएगी।

## कोबिड 19 टीकाकरण जागरूकता अभियान ,कैशपोर माइक्रो क्रेडिट द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट
कोविड- 19 से बचाव
और
टीकाकरण

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के एक गेस्ट हाउस में कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले समस्त महिलाओं की पहचान करना एवं उन्हें उत्प्रेरित कर, उन्हें वित्तीय सेवाएं अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक सेवाएं इमानदारी पूर्वक समय से तथा कुशलतापूर्वक प्रदान करना है। इसके तहत संस्था द्वारा सीएसआर गतिविधि के मौदहा शाखा का नाम कोविड-19 जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में सीओ मौदहा रविप्रकाश सिंह,थाना अध्यक्ष पवन कुमार पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। जोनल ट्रेनर सूरज यादव के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण किया गया इसके बाद ए आर ओ रामबली कुशवाहा के द्वारा थाना अध्यक्ष का माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में कैशपॉर ने करीब डेढ़ सौ सदस्यों तथा उनके पति को आमंत्रित किया। और कोविड-19 के बारे में तथा आने वाली चौथी संभावित लहर के बारे में बताया और वैक्सीन लगवाने के लिए प्रोत्साहन राशि 100 रुपए भी प्रदान किया तथा कोबिड से बचाव हेतु मास्क सैनिटाइजर और साबुन का वितरण भी किया गया। कैशपॉर की तरफ चिब मनोज गौतम,कुमुद रंजन चौबे

शाखा प्रबंधक मौदहा ,प्रवीण कुमार,केन्द्र प्रबंधक जय प्रकाश,रज्जन बाबू,अनूप कुमार,राजवीर,शहादत अली आदि मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन में क्षेत्र के पुरुष तथा महिलाएं लगभग 150 की संख्या में मौजूद रहे। कॉविड 19 टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सफलता की ओर रहा।

# एटा जनपद को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग ने पकड़ा जोर।

## जिस जनपद ने चार चार विधायक दिए हो उस जनपद से एक भी विधायक नहीं है मंत्रिमंडल में शामिल आखिर क्यों-- एटा की जनता।

**अरविंद कुमार यादव।**

एटा। (दैनिक अमर स्तम्भ) 2022 के विधानसभा चुनाव में देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी के आशीर्वाद से योगी जी के नेतृत्व में लड़ा गया ।जिसमें पूर्व के मिथक को तोड़ते हुए एक बार पुनः भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी उसने ने इतिहास को रच दिया ।इसी इतिहास को जनपद एटा ने भी दोहराया और जनता के आशीर्वाद के चलते जनपद की चारों विधानसभा सीटों पर फिर से भाजपा के परचम को लहरा दिया ।अब जनपद एटा की जनता अपने जनप्रिय मुख्यमंत्री योगी जी से अपेक्षा कर रही है, कि इस बार के मंत्रिमंडल में एटा जनपद को भी शामिल कर जनपद को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पुरजोर मांग यहां की जनता कर रही है ।क्या योगी जी जनपद एटा की जनता की पुकार को सुनकर जनपद को मंत्रिमंडल में शामिल कर यहाँ प्रतिनिधित्व किसी विधायक को देकर जनता की मांग को पूरा करेंगे यह मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में ही स्पष्ट होगा ।फिर भी यहां की जनता योगी जी की तरफ आशा भरी नजरों से देख रही है ।रिपोर्ट देवेंद्र शर्मा देवू।

## अल्ट्रासाउंड कराने जा रही महिला की सड़क हादसे में मौत

**आकाश कुमार/ब्यूरो उन्नाव**

उन्नाव ।( अमर स्तम्भ ) । लखनऊ कानपुर नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक पर सवार महिला और युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मौके पर ही महिला की मौत हो गई। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला का 5 वर्षीय बेटा हादसे में बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाया है। घटना की जानकारी परिजनों को दी है। आसीवन थाना क्षेत्र के रहने वाली शांति पुत्री कुशाल अपने 5 साल के बेटे को लेकर भाई वीरेंद्र के साथ अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जिला अस्पताल आ रही थी। ललाऊ खेड़ा चौकी क्षेत्र के निगम पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक की टक्कर मार दी टक्कर लगते ही बाइक चला रहे वीरेंद्र दूर जा गिरा और महिला सड़क पर गिर गई और मौके पर ही मौत हो गई। कहते है जाको राखे साइयां मार सके न कोय। वही महिला के बेटे को खरोच तक नहीं आई है। हादसे की जानकारी पर चौकी इंचार्ज ललाऊ खेड़ा में हसमत अली मौके पर पहुंचे। गंभीर घायल वीरेंद्र को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया मृतका शांति के शव को मोर्चरी में रखवाया है। मोबाइल नंबर से परिजनों को जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। करीब डेढ़ घंटे बाद अस्पताल पहुंचे भाई ने बताया कि उसकी बहन की ससुराल हसनगंज थाना क्षेत्र के सिमरामऊ गांव में है। बहन गर्भवती थी आज अल्ट्रासाउंड कराने के लिए जिला अस्पताल जा रही थी। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया है।

## होलिका दहन और शब-ए-बारात एक ही दिन, उन्नाव इमामे जुमा ज़ैग़म अब्बास ने कहा एकता की पेश करें मिसाल

**आकाश कुमार/ब्यूरो उन्नाव**

उन्नाव ।( अमर स्तम्भ ) । होलिका दहन और शब-ए-बारात एक ही दिन पड़ रही है। अब ऐसे में हम सभी का ये फ़र्ज़ बनता है, की त्यौहार को मिल जुलकर मनाया जाए और त्यौहार में किसी प्रकार की किसी को कोई तकलीफ न होने पाए जिसका ध्यान सभी को देना होगा। मौलाना ज़ैग़म अब्बास ने बताया की शब ए बरात की अजीम रात मुस्लिम समुदाय परवर दीगार की इबादत करते है। सारी रात मोमिनीन खास नमाज अदा करेंगे और शब ए बरात पर अपने बुजुर्गों की कब्रगाह पर अजीज चिरागा करते हैं। घरों में रोशन की जाती है और फातेहा भी होती है। एक तरफ होलिका दहन की रस्म अदा होगी तो दूसरी ओर मस्जिदों में रातभर इबादतों का दौर शुरू होगा। होलिका दहन और शब ए बरात एक साथ-साथ होगा। शहर में भी दोनों समुदाय के लोग अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। जहा पर शब ए बारात में शाम को नमाज के बाद मस्जिदों-घरों में इबादतों का सिलसिला शुरू होगा, वहीं तकरीबन इसी समय होलिका दहन की रस्म भी अदा होगी। उन्नाव इमामे जुमा मौलाना ज़ैग़म अब्बास ने इस दौरान हिन्दू-मुस्लिम एकता व भाईचारे के बीच पर्व को मनाने की बात कही है।

## इंडियन बैंक द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

हमीरपुर ब्यूरो- जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए जनपद के अग्रणी बैंक इंडियन बैंक, अंचल कार्यालय हमीरपुर के अंचल प्रमुख उत्तम दत्ता के कुशल निर्देशन में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक विभाग के सहयोग से इस बैंक के 31 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने रक्तदान किया। अंचल प्रमुख ने कहा कि सी. एस. आर एक्टिविटी के अंतर्गत इंडियन बैंक द्वारा यह रक्तदान शिविर मानवता एवं समाज की भलाई के लिए आयोजित किया गया है। क्योंकि रक्तदान सेवा मानवता के लिए सबसे अच्छी सामाजिक सेवा है। आज के रक्त दान शिविर में उत्तम दत्ता (अंचल प्रमुख), रजनीश कुमार (मुख्य प्रबंधक), प्रभाकरण, रंजीत, आनंद, नमन गुप्ता, आबिद हुसैन, नवीन शुक्ला, ऋषभ शुक्ला, जया अवस्थी, योगेंद्र, राहुल, शिवम सिंह, वागेश तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, रजत सिंह आदि ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस अवसर पर उप अंचल प्रमुख संदीप कुमार सिन्हा, जे .के.ढींगरा (एल डी एम), मनोज श्रीवास्तव, संदीप परिहार , मंडल सचिव सुनील कुमार यादव, विनय कटियार, गौरव जोहरी आदि उपस्थित रहे। इंडियन बैंक ने सी एम ओ एवं ब्लड बैंक के प्रभारी हरेंद्र यादव को बेहतरीन व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया।

# झाँसी उत्तर मध्य रेल मंडल द्वारा विद्युत् उर्जा के विभिन्न संशाधनों के माध्यम से रेल राजस्व की बचत

**रिपोर्ट नवीन यादव**

झाँसी (अमर स्तम्भ )मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष के दिशा-निर्देशन में झाँसी मंडल द्वारा माह फरवरी 2022 में विद्युत् संसाधनों के माध्यम पर उचित व्यय प्रबंधन सहित बचत की गयी है फरवरी 2022 में मध्य प्रदेश क्षेत्र से ट्रैक्शन सब स्टेशन शिफ्टिंग से लगभग रू. 1.31 करोड़ की बिजली व्यय में राजस्व बचत की गयी है । उक्त बचत मध्य प्रदेश क्षेत्र के 04 ट्रैकशन सब स्टेशन हेतमपुर, ग्वालियर, दतिया एवं बसई के माध्यम से, खुले बाजार से बिजली खरीद से संभव हुई है । इस वित्तीय वर्ष में अब तक रू. 19.63 करोड़ राजस्व की बचत उक्त माध्यम से हो चुकी है। इस बचत में पूर्व में मंडल द्वारा बिजली चुनिन्दा माध्यम से ही ली जाती थी, जिसके फलस्वरूप हमें उनकी तय की गयी दरों के अनुसार ही भुगतान करना पड़ता था, परन्तु अब खुले बाजार से बिजली खरीदने पर खुली स्पर्धा के चलते कम दरों में बिजली उपलब्ध हो सकी है । इसके अतिरिक्त मंडल द्वारा निरंतर हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है, इसी श्रृंखला में मंडल द्वारा सौर उर्जा के माध्यम से बिजली का उत्पादन भी किया जा रहा है। जनवरी माह में 76,860 यूनिट सौर उर्जा का उत्पादित की गयी जिससे 2,31,488 /- रुपये के रेल राजस्व की बचत हुई। यह भी उल्लेखनीय है वर्तमान में मंडल के अधिकाँश खंड विद्युतिकृत हैं । नयी तकनीक युक्त थ्री फेज लोको (एबीबी लोकोमोटिव) के प्रयोग से मंडल ने माह फरवरी - 22 में 59,80,119 यूनिट बिजली की बचत की है, जिसको यदि रु. 5.06 प्रति यूनिट से आँका जाए तो यह रू. 3.03 करोड के रेल राजस्व की बचत है ढ्ढ 3 फेज इंजन होने की वजह से इसमें रि-जनरेटिव ब्रेकिंग भी होता है जिसकी वजह ऊर्जा की बचत होती है ढ्ढ

## सुंदरकांड के साथ साथ किया फागोत्सव व रामधुनी का भव्य आयोजन।

**जे पी शर्मा / स्थानीय संपादक**

दैनिक अमर स्थम्भ ।जयपुर राजस्थान । आजकल खाटू श्याम के फागोत्सव की धूम अपने चरम पर है इसी क्रम में गहलोत नगर निवारू रोड के इंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा श्री वीर हनुमान मित्र मंडल के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ के साथ साथ फागोत्सव व रामधुन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विमल शर्मा , सुरेश शर्मा ,व अन्य ने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया तथा पूरे वातावरण को होली के रंगों से रंग दिया । गायकों ने कन्हैया के भजन सुनाकर गहलोत नगर को मथुरा बृन्दावन जैसा आभास करा दिया। पुरुष व महिलाएं भजनों पर जमकर नाचे। योगेश्वर सिंह , विमल कुमार शर्मा , बबलू जांगिड़,व जे पी शर्मा ने रामधुनी की ।उमेश शर्मा ने भगवान की विधिवत पूजा एवम आरती की। अंत मे भक्तों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर योगेंद्र कुमार शर्मा, सुनीता शर्मा, तारा शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, संतोष शर्मा , अशोक शर्मा ,शुभम शर्मा,सुमेर सिंह शेखावत, भगवान सहाय शर्मा , सुरेश जांगिड़, बनबारी चौधरी , अनिल शर्मा, कन्हैया लाल मित्तल, मीनू खंडेलवाल,,संतोष गोयल व कॉलोनी के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इंद्र प्रसाद शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## द कश्मीर फाइल्स फिल्म को टैक्स फ्री करे उत्तराखंड सरकार-– स्वामी आलोक गिरी

**हरिद्वार।** कश्मीर से कश्मीरी पंडितों के पलायन पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स को हरिद्वार के संतों ने उत्तराखंड सरकार से टैक्स फ्री करने की मांग की है। जगजीतपुर स्थित सिद्धबली हनुमान मंदिर एवं नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के अध्यक्ष स्वामी आलोक गिरी महाराज ने प्रेस को जारी बयान में कहा है कि नब्बे के दशक में कश्मीरी पंडितों पर हुए अत्याचार का दर्द फिल्म के माध्यम से दर्शाया गया है। देश में समरसता के माहौल को छोड़कर जिस प्रकार कश्मीरी पंडितों को बड़ी संख्या में कत्ल किया गया, यह बहुत ही शर्मनाक और घृणित कार्य था। सभी को इस फिल्म के माध्यम से सबक लेना चाहिए और अपने देश के भीतर छुपे गद्दारों को पहचान कर उन्हें कड़ा सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि द कश्मीर फाइल्स फिल्म को राज्य सरकार द्वारा टैक्स फ्री करना चाहिए। स्वामी आलोक गिरी महाराज ने कहा कि समाज के बीच आपसी मतभेद या विद्वेष पैदा करना सरकारों का कार्य नहीं है। देश को उन्नति की ओर अग्रसर करना ही एक कुशल नेतृत्व को दर्शाता है। समाज में सामंजस्य बनाए रखना एक कुशल शासक की कार्यशैली को दर्शाता है। लेकिन उस समय कश्मीरी पंडितों के साथ जो हुआ। वह समाज को झकझोर कर देने वाला है। लाखों कश्मीरी पंडित रातो रात बेघर हो गए और हजारों को अपनी जान गवानी पड़ी और इस घृणित कार्य के लिए तत्कालीन सरकार ने कश्मीरी पंडितों को ही दोषी करार दिया। जो भारत के इतिहास को कलंकित करता है। हम सभी को इस फिल्म को देखना चाहिए और सजग रहकर आपस की एकता अखंडता को कायम रखना चाहिए। हमारे बीच कोई भी असामाजिक तत्व विद्वेष पैदा ना कर सके। समाज को ऐसी समझ भी अवश्य होनी चाहिए। साथ ही सामाजिक शिक्षा और संस्कार प्रत्येक समाज के हर वर्ग को लाभान्वित कर सके। ऐसे सशक्त समाज का निर्माण हो यह सभी नागरिकों का कर्तव्य है।

## तीन के विरूद्व मारपीट का मुकदमा दर्ज

**अभिषेक बुन्देला**

तालबेहट ललितपुर( अमर स्तम्भ) कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चुरावनी में बाइक तोडने के विवाद को लेकर तीन लोगों ने घर में घुस कर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन के विरूद्व मामला दर्ज कर लिया। चुरावनी निवासी बृजनंदन साहू पुत्र नन्नू साहू ने पुलिस को दिए शिकायती में बताया कि रविवार की शाम उसकी बाइक दरबाजे पर खडी थी। तभी विपक्षी रानू पुत्र कैलाश, नीलू पुत्र जयसिंह, नरेन्द्र पुत्र दयाराम लोधी ने उसकी बाइक गिरा कर तोड दी। जब उसने उलाहना दिया तो उक्त तीनों आरोपियों ने उसके घर के अन्दर घुस आए और जमकर मारपीट करने लगे। पुलिस ने तीनों के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया।

## मध्य प्रदेश के धार जिले में टक?कर मारकर ट्राले ने ट्रैक्टर को घसीटा, किसान की मौत

धार। जिले के बोधवाड़ा के समीप इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर सोमवार सुबह दिल दिलाने वाला सड़क हादसा हुआ है। इसमें एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि किसान अपने घर से 50 किलो बटला बेचने के लिए धार की मंडी में जा रहा था। इसी बीच फोरलेन पर एक अज्ञात ट्राले ने ट्रैक्टर को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सीसीटीवी में कैद हो गई घटना बताया जाता है कि जिस स्थान पर घटना हुई उसके पास में एक दुकान पर सीसीटीवी कैमरा लगा होने से पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। जब वीडियो देखा गया तो वीडियो देख कर हर किसी का दिल दहल गया है। वीडियो में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अपनी ही लेन पर ट्रैक्टर पर सवार हो कर चल रहे किसान को पीछे से तेज गति से आया ट्राला टक्कर मारते हुए कुछ दूरी तक ट्रैक्टर को घसीटते हुए ले गया।

## जगजीतपुर वार्ड 55 के निवासियों ने किया विधायक आदेश चौहान का स्वागत

**हरिद्वार।** जगजीतपुर वार्ड नंबर 55 में वार्ड वासियों ने विधायक आदेश चौहान का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। पार्षद विकास कुमार व कमल प्रधान ने आदेश चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि आदेश चौहान रानीपुर विधानसभा के लोकप्रिय विधायक हैं। विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों से प्रभावित क्षेत्र की जनता ने उन्हें लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुना है। आदेश चौहान के अनुभव व उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया जाना चाहिए। पार्षद मनोज प्रालिया ने कहा कि विगत 10 सालों के कार्यकाल में जनहित के कार्यों से जनता के बीच आदेश चौहान की एक अलग छवि बनी है। जिसके चलते वह तीसरी बार भारी बहुमत से जीते हैं। उन्होंने कहा कि आदेश चौहान के नेतृत्व में रानीपुर विधानसभा क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से तरक्की के मार्ग पर अग्रसर है। कृष्णलाल प्रजापति ने विधायक आदेश चौहान को फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश एवं प्रदेश का समग्र विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि जनता ने पुन: भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। भारतीय जनता पार्टी जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरा उतरेगी। विधायक आदेश चौहान ने रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहां कि जनता के आशीर्वाद से ही उन्हें तीसरी बार विधानसभा में रानीपुर का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। आदेश चौहान ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा को लगातार दूसरी बार प्रदेश में सरकार बनाने के लिए जनसंदेश दिया है। भाजपा जनता की उम्मीदों को पूरा करते हुए विधानसभा क्षेत्र को विकास के पथ पर ले जाएगी। इस दौरान पार्षद मनोज प्रालिया, अमित वालिया नागेंद्र राणा, कमल राजपूत, टीनू, प्रदीप, लव कुमार शर्मा, लक्की वालिया, अशोक सिंह, आशीष वालिया, प्रधान अक्षय, रोहित, मनोज, दीपक, पुनीत कश्यप, पिंटू प्रधान, सुनील कुमार, मनोज चौहान, आशीष चौधरी, रामकुमार सैनी, राहुल, सनी, नवजोत वालिया, आशीष, हनी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## महरौनी सीओ ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, दिए आवाश्यक दिशा निर्देश

**अभिषेक बुन्देला**



ललितपुर( अमर स्तम्भ) । शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार कानून व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्र अधिकारी ने कोतवाली महरौनी का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने वहां की तमाम पटेलों का जायजा लिया और हकीकत खंगालने का प्रयास किया। इसके साथ ही कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के दिशा निर्देश दिए और जनता की समस्याओं को शीघ्रता से निस्तारित करने की निर्देश भी दिए। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्राधिकारी महरौनी केशव नाथ कोतवाली महरौनी पहुंचे जहां पर उन्होंने जनता से कोतवाली में स्थापित सभी पटलों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला हेल्पलाइन डेस्क, कार्यालय, मालखाना और जवानों के बैरक का लिया जायजा। वहां की व्यवस्थाओं को देखा और दस्तावेज भी खंगाले। इस दौरान कोतवाली में मौजूद उपनिरीक्षकों एवं जवानों से शस्त्रों की तकनीकी तथा संचालन की जानकारी ली गई। शस्त्राभ्यास भी करवाया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना कार्यालय में मौजूद अभिलेखों का निरीक्षण करने पर समस्त रजिस्टर अभिलेख ठीक पाए गए। इस दौरान मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारी बैठक लेकर ड्यूटी के दौरान उत्पन्न हो रही परेशानियों से भी रूबरू होकर उनका समाधान किया गया। निरीक्षण में मौजूद सभी पुलिस कर्मचारियों को जनता की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण एवं स्मार्ट पुलिसिंग और जनता के प्रति विनम्र व्यवहार करते हुए बीट पुलिसिंग को मजबूत करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था को परखा और कोतवाली परिसर को स्वच्छ रखने के निर्देश दिए। मेस बैरक का भी निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी उपनिरीक्षक व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन कि रनिंग शाखा झांसी ने पुराने समय की पेंशन लागू करने कि मांग

**रिपोर्ट नवीन यादव**

झांसी ।( अमर स्तम्भ )उत्तर मध्य रेल मंडल की नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन की झांसी मंडल शाखा रनिंग सोमवार के आव्हान पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेन्स यूनियन कि रनिंग शाखा झांसी ने अपने ब्रांच ऑफिस और ड्राइवर, गॉर्ड लॉबी पर भारी संख्या में न्यू पेशंन का विरोध किया और सरकार से राजस्थान और बंगाल की तरह केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए भी पुराने समय की पेंशन लागू करने कि मांग की ।ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के द्वारा न्यू पेशंन के विरोध में उससे जुड़ी यूनियन ने पूरे देश मे न्यू पेशंन का विरोध किया और ओपीएस की मांग की अन्य राज्यों में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की घोषणा से रेल कर्मचारियों में भी उम्मीद जगी थी, पर ऐसा नहीं हुआ। इससे नाराज रेलवे कर्मचारियों ने सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है झांसी में इस प्रदर्शन के दौरान रनिंग शाखा मंत्री अमर सिंह यादव ,वीपी सिंह कॉम ,दीपक जैसवाल ,प्रशांत यादव, रोहित शर्मा , महेन्द साहू , आदि उपस्थित थे ।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह व होली मिलन समारोह का आयोजन किया

## बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर झूमे दर्शक

**हरिद्वार।** कार्तिक कुमार चेयरमैन संयोजन में अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह और होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री सुनील राठी, एस.एम.जे.एन. कॉलेज के प्राचार्य डा.सुनील कुमार बत्रा व कार्तिक कुमार चेयरमैन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान कलाकारों और छोटे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी अपनी कला से उपस्थित अतिथियों का मनमोह लिया। बच्चों ने फूलों से होली खेलते हुए नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। कार्तिक कुमार चेयरमैन ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहां कि होली प्यार मोहब्बत का पर्व है। जिसे शांतिपूर्ण तरीके से मना कर सौहार्द का संदेश दे। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंगों और आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक है। सभी को आपस में मिल जुलकर होली पर्व मनाना चाहिए और होली की खुशियों को आपस में बांटना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश लाल पाहवा ने कहां कि रंगों का पर्व होली आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने वाला पर्व है। इस पावन पर्व पर आपसी शिकवा शिकायत भुला कर एक दूसरे के संग प्रेम के साथ होली मनाएं। उन्होंने कहा आओ मिलकर रंग लगाएं, रंग रंगीली होली में नफरत, द्वेष और बैर मिटाएं हम अलबेली होली में। डा.सुनील बत्रा ने कहा कि कार्तिक कुमार चेयरमैन द्वारा फूलों की होली का आयोजन करने पर बधाई देते हुए कहा कि 13 मार्च को कार्तिक कुमार चेयरमैन का जन्मदिन होने के चलते यह समारोह बेहद खास हो गया है। मुंबई से आए फिल्म प्रोड्यूसर अयान जीत सैन ने कार्तिक कुमार चेयरमैन की की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते है। कार्यक्रम में कार्तिक कुमार चेयरमैन ने कोरोना कॉल में जन सेवा करने वाले समाजसेवियों और सभी उपस्थित गणों को स्मृति चिन्ह और शॉल भेंट कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व प्रवक्ता बाबा हठयोगी महाराज, वैध एम.आर शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अधीर कौशिक, डा.विशाल गर्ग, विभास सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रकाश चौहान, आरोग्यम सेवा संस्था अध्यक्ष महेंद्र राणा, समाजसेवी मानसी मिश्रा, अंजलि महेश्वरी, मुस्कान फाउंडेशन अध्यक्ष नेहा मलिक, योगाचार्य योगी रजनीश वरिष्ठ पत्रकार रजत चैहान व कार्यक्रम महामंत्री रजत अग्रवाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सचिन राणा द्वारा किया गया।

## जिगनी खंड सं0 दो मे एनजी टी की उड़ाई जा रही धज्जियां,दी की जलधारा को प्रभावित कर निकाल रहे लाल सोना, माफिया को नहीं प्रशासन का भय यूज कर रहे प्रतिबंधित पोकलेण्ड।

**महेंद्र सिंह जिला संवाददाता अमर स्तंम्भ।**

हमीरपुर ब्यूरो।।जिले में अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। खनन माफिया बेखौफ होकर लाल सोना नदी की जलधारा को रोक कर निकाल रहे हैं। बेपरवाही के चलते जिगनी खंड सं0 2 पर एनजीटी के नियमों की अवहेलना करते हुए व्यापक पैमाने पर मौरंग निकाली जा रही है। जिम्मेदार जानते हुए भी अनजान बने हैं। चिकासी थाना क्षेत्र मे कई खनन पट्टे हैं।जिगनी खंड सं 2 मे हालत यह है कि खनन माफिया पट्टे से कहीं कई गुना अधिक क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कर मौरंग निकाल रहे हैं।जिगनी खंड 2 पर बिना रायल्टी के कई ट्रक मौरंग बेच दी जाती है। इतना ही नहीं बल्कि बेतवा की जलधारा को प्रभावित कर मौरंग निकाली जाती है। दिन की बात अलग है रात में भी पोकलैंड मशीनें घाट पर गरजती रहती हैं। अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए कई बार तो अस्थायी तौर पर पुल का निर्माण कर लेते हैं। वाहन निकालने के लिए किसानों के खेत से रास्ता बनाने में इनको कोई गुरेज नहीं है। खनन माफिया को किसी का डर नहीं है। जिम्मेदारों को मालूम रहता है फिर भी कार्रवाई नहीं की जाती है। मिलीभगत कर खनन माफिया रोज लाखों के वारे न्यारे करते हैं।ओवरलोड को रोकने के लिए खदानों में लगाए गए कांटों को दरकिनार कर मोरंग से भरे हुए ट्रक निकाले जा रहे हैं। वहीं सरकार द्वारा मजदूरों से मोरंग भरने की अनुमति दी गई है, लेकिन खनन माफिया भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैंड मशीनो से यह कारोबार कर रहे हैं।जिससे एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ती हुई साफ दिखाई दे रही हैं।जिगनी खंड 2 खदान में भारी भरकम प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन करने का सिलसिला मौरंग माफिया के गुर्गो द्वारा किया जा रहा है। माफिया एन जी टी के नियमों को ताक में रखकर दिन रात मानक के विपरीत अवैध खनन कर रहे है। जिसके कारण नदी किनारे झीलनुमा गड्डे हो गए है।खनन माफिया द्वारा नदी की जलधारा को प्रभावित कर दिन रात बेतवा नदी का सीना छलनी कर लाल सोने की निकासी मे मशगुल है। जबकि एन जी टी के नियम अनुसार नदी की जलधारा या नदी किनारे प्राकृतिक संरचना से कोई छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। इसके बावजूद जिगनी खंड 2 खदान में माफिया जलधारा को प्रभावित कर प्रतिबंधित मशीनों द्वारा ट्रकों में मानक के विपरीत लाल सोने को भरने का कार्य लगातार कर रहे है। पट्टा के संचालक माफिया को प्रशासन का तनिक भी भय नहीं है। पानी रोक कर बदल रहे नदी का रास्ता = जलधारा के बीच में अवैध पुल का निर्माण कर लाल सोना निकाला जाता है। इससे नदी का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जलीय जंतुओं को भी खतरा- जिगनी खंड 2 मे मानक के विपरीत भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलेण्ड मशीनों से मौरंग निकालने के चलते जलीय जंतुओं पर भी खतरा मंडरा रहा है। तमाम जलीय जीव जंतु लिफ्टर के सहारे बाहर आ जाते हैं और फिर नदी तक नहीं पहुंच पाते हैं। इनका जीवन बाहर आते ही समाप्त हो जाता है।

## विलक्षण संत थे ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वतीः- स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती

हरिद्वार। परमार्थ आश्रम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वती महाराज की 31वीं पुण्य तिथी पर धर्म गंगा घाट पर 21 ब्राह्मणों के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे संत महापुरूष व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वती महाराज की पुण्य तिथी पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए परमार्थ आश्रम के परमाध्यक्ष पूर्व गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वती विलक्षण संत थे। सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में उनका योगदान सदैव अनुकरणीय रहेगा। स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती महाराज ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वती महाराज की शिक्षाओं का अनुकरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित सेवा प्रकल्पों के माध्यम से आश्रम की सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द महाराज ने जीवन पर्यन्त समाज को ज्ञान की प्रेरणा देकर कल्याण के मार्ग अग्रसर किया। उनकी शिक्षाओं का अनुकरण करते हुए समाज सेवा व सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में योगदान करना ही उनका लक्ष्य है। स्वामी धर्मात्मानन्द महाराज ने कहा कि त्याग, तपस्या व सेवा की अनुपम प्रतिमूर्ति ब्रह्मलीन स्वामी धर्मानन्द सरस्वती महाराज का पूरा जीवन निर्मल जल के समान था। गौ, गंगा के प्रति उनका समर्पण सभी को प्रेरित करता था। उनकी पुण्यतिथी पर सभी को उनके दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज सेवा का संकल्प लेना चाहिए। आश्रम के प्रबंधक दिवाकर तिवारी ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

आवश्यकता है

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अमर स्तम्भ में समाचार एवं विज्ञापन व जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

7985859170,
7309592312
7985311864

स्वामी प्रकाशक मुद्रक अर्जुन सिंह द्वारा हर्ष प्रिंटर्स 04/77/ए-1, जीटी रोड़ कानपुर नगर 208003 (उत्तरप्रदेश) से मुद्रित कराकर एच-1717 योजना नं. 1 आवास विकास केशवपुरम, कल्याणपुर कानपुर नगर (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित।
नोटः- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखो एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखको की होगी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा।
Email- amarstambhup@gmail.com
RNI-UPHIN2012/46216
सम्पादक- अशोक कुमार, 9415402912